RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-353 जयपुर, शुक्रवार, 19 जून 2026 मूल्य-4 रूपये

# अमेरिका-ईरान जंग खत्म, दुनिया ने ली राहत की सांस

## डोनाल्ड ट्रम्प और पजशकियान ने दस्तखत किए, ट्रम्प चिल्लाकर बोले- डील साइन

### तय तारीख से एक दिन पहले समझौता

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी





अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े रूप पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे।

ट्रम्प के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया।

इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी खत्म की जाएगी।

इस समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए।

इस समझौते के तहत ईरान को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों से राहत मिलेगी। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, तेहरान अब बिना किसी वैश्विक प्रतिबंध, परिवहन या बीमा अड़चनों के अपने कच्चे तेल की बिक्री कर सकेगा। इसके साथ ही, तेल निर्यात से होने वाली आय तक ईरान की सीधी पहुंच बहाल होगी। अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बैंकों में ईरान की फ्रीज की गई वित्तीय संपत्तियों के मार्ग में मौजूद सभी कानूनी बाधाओं को तत्काल प्रभाव से हटाने पर सहमत हो गया है।

### स्थायी संधि के लिए 60 दिनों का कड़ा टाइमफ्रेम लागू

प्रारंभिक ढांचे को एक पूर्ण और स्थायी संधि में बदलने के लिए दोनों देशों के बीच समय-सीमा निर्धारित की गई है। समझौते की शर्तों के अनुसार, अगले 60 दिनों तक दोनों देशों को जमीनी स्तर पर संयम बरतना होगा। इस अवधि के दौरान दोनों पक्ष किसी भी ऐसे राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य कदम से बचेंगे जिससे वर्तमान शांति प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़े।

### समझौते की खास बातें

- 60 दिनों के अंदर अंतिम समझौते पर बात होगी
- अमेरिका, ईरान के विकास के लिए 300 अरब डॉलर की योजना बनाएगा
- ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा
- अमेरिका ईरान को तेल निर्यात और बैंकिंग में छूट देगा
- ईरान की फंसी संपत्ति और पैसा रिलीज किया जाएगा
- समझौते की निगरानी के लिए एक सिस्टम बनाया जाएगा
- अंतिम समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंजूरी मिलेगी

### ट्रम्प बोले- ईरान के पास कुछ बैलिस्टिक मिसाइलें रह सकती हैं

*अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के पास कुछ बैलिस्टिक मिसाइलें होना गलत नहीं है। उनके मुताबिक असली चिंता मिसाइलें नहीं, बल्कि परमाणु हथियार हैं। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते का बचाव करते हुए यह बात जी7 समिट के दौरान फ्रांस में कही। ट्रम्प ने कहा, अगर दूसरे देशों के पास बैलिस्टिक मिसाइलें हैं, तो ईरान के पास कुछ मिसाइलें होने पर आपत्ति करना पूरी तरह सही नहीं होगा। अगर सऊदी अरब, कतर और दूसरे देशों के पास ऐसी मिसाइलें हैं, तो अनुपात के हिसाब से ईरान के पास भी कुछ मिसाइलें रह सकती हैं।*

### समझौते के बाद तेल की कीमतों में गिरावट

दुनिया में तेल की कीमत तय करने वाला ब्रेंट क्रूड पिछले तीन दिनों से 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बना हुआ है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड करीब 2% गिरकर 78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जंग के दौरान इसकी कीमत 114.44 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी। यानी अब यह उस स्तर से करीब 35 डॉलर सस्ता हो चुका है। अमेरिका का WTI कच्चा तेल भी गिरकर करीब 74 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो तीन महीने का सबसे निचला स्तर है।

### खामेनेई बोले- समझौते पर मेरी अलग राय थी, लेकिन देशहित में मंजूरी दी

ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर उनकी राय अलग थी, लेकिन राष्ट्रपति द्वारा दिए गए भरोसे के बाद उन्होंने इसे मंजूरी दे दी। सरकारी मीडिया में जारी एक लिखित बयान में खामेनेई ने कहा कि राष्ट्रपति और उनकी टीम ने उन्हें आश्वासन दिया था कि समझौते के बावजूद ईरानी जनता के अधिकारों और प्रतिरोध मोर्चे (रेजिस्टेंस फ्रंट) के हितों की पूरी रक्षा की जाएगी। इसी भरोसे और जिम्मेदारी स्वीकार करने के कारण उन्होंने समझौते को अनुमति दी।

### यूक्रेन ने रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक किया

# 1000 से ज्यादा ड्रोन, क्रूज मिसाइलें भी दागीं



मॉस्को/कीव

यूक्रेन ने गुरुवार को रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रातभर में करीब 1,000 ड्रोन और चार क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। इनमें करीब 200 ड्रोन राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, 'हम यह युद्ध नहीं चाहते थे, लेकिन अगर यूक्रेन जलेगा तो मॉस्को भी जलेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक हमले में दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र का एक ऑयल डिपो धमाके से तबाह हो गया। यहां मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को की कपोतन्या ऑयल रिफाइनरी पर भी हमला हुआ। विस्फोट के बाद ऑयल डिपो टैंक का ढक्कन कई मीटर ऊपर उछल गया और आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पास के एक शॉपिंग सेंटर में भी आग लग गई। ड्रोन का मलबा गिरने से कुछ रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई ऊंची इमारतों को खाली कराया गया।

# महिला से गैंगरेप, प्राइवेट पार्ट में कारतूस और लकड़ी डाली

बेगूसराय

बेगूसराय में एक महिला (28) के साथ 5 युवकों ने गैंगरेप किया है। इस दौरान आरोपियों ने उसके प्राइवेट पार्ट में कारतूस, पत्थर और लकड़ी डाल दी। इससे वो बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि 11 जून की रात टॉयलेट के लिए महिला कमरे से निकली थी। इसी दौरान आरोपियों ने महिला को पकड़ लिया और साड़ी से उसका मुंह बांध दिया, ताकि चिल्लाने की आवाज नहीं आए। इसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता के पति ने 12 जून को हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया और चकिया थाने की पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस हॉस्पिटल पहुंचकर जांच-पड़ताल की। फिर हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मेडिकल टेस्ट कराने के बाद केस दर्ज किया गया। 13 जून को मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई, लेकिन पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया। घटना के बाद से लगातार महिला के प्राइवेट पार्ट में दर्द हो रहा था। इसके बाद बुधवार को दुबारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिर डॉक्टर ने उसके प्राइवेट पार्ट से कारतूस, पत्थर और लकड़ी निकाला। अब केस की जांच एसपी और ष्ठस्क्क ने हॉस्पिटल पहुंचकर शुरू की है।

पीड़िता ने बताया कि 11 जून की रात करीब 11:30 बजे मैं टॉयलेट गई थी। पांच बदमाश मेरे घर के दरवाजे पर बैठ गए और मेरे पति का रूम बाहर से बंद कर दिया। मैं टॉयलेट से निकली तो मुझे पकड़ लिया। बदमाशों ने साड़ी खोलकर मेरा मुंह बांध दिया और ब्लाउज फाड़कर हाथ बांध दिया।

मैं चिल्लाने की कोशिश की तो सभी बदमाश मेरे साथ मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद मुझे उठाकर अंधेरे में ले गए। जहां पांचों ने बारी-बारी से मेरे साथ रेप किया। इस दौरान छोड़ देने की गुहार लगाती रही, लेकिन उन्होंने मेरी एक ना सुनी।

केंद्र सरकार ने टेलीग्राम को नया 'डार्क वेब' बताया, हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने 21 जून को नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के मद्देनजर टेलीग्राम ऐप को अस्थायी रुप से बंद करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र ने टेलीग्राम को नया डार्क वेब करार दिया, जिसके जरिये अवैध गतिविधियां व गैरकानूनी कामों को अंजाम दिया जाता है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि टेलीग्राम नया डार्क वेब बन चुका है। इसके जरिये अपराधी अपने गैरकानूनी कार्य कर पाने में सक्षम हैं। इसके जरिये अपराध करने वालों को पकड़ पाना जांच एजेंसियों के लिए काफी मुश्किल है। नीट परीक्षा में टेलीग्राम

# झारखंड में क्रॉस वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार की हार

### भाजपा समर्थित उद्योगपति नाथवानी जीते, 12 राज्यों की 26 सीटों में से 19 एनडीए को

नई दिल्ली



12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों के लिए गुरुवार को चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई। इनमें से 19 सीटें NDA को, इंडिया ब्लॉक को 6 और एक सीट मिजोरम की जोराम पीपुल्स मूवमेंट (ZPM) को मिली। इस चुनाव में NDA और इंडिया ब्लॉक को एक-एक सीट का फायदा हुआ।

23 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। गुरुवार को झारखंड की 2 और मिजोरम की एक राज्यसभा सीटों के रिजल्ट आए। झारखंड में एक सीट NDA समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार उद्योगपति परिमल नाथवानी और दूसरी झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीती।

झारखंड में क्रॉस वोटिंग की वजह से परिमल को जीत मिली। यहां 3 वोट अवैध पड़े। कांग्रेस ने आरजेडी और लेफ्ट पर साथ ना देने का आरोप लगाया। वहीं, मिजोरम की एक सीट पर जोराम पीपुल्स मूवमेंट (ZPM) प्रत्याशी के. लल्टलुआंगकिमा जीते।

मतगणना के अनुसार बैद्यनाथ राम को 30 मत मिले, जबकि परिमल नाथवानी को 28 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में केवल 20 वोट पड़े। वहीं तीन मत अमान्य घोषित किए गए।

चुनाव परिणामों के बाद भारतीय जनता पार्टी सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर परिमल नाथवानी को बधाई देते हुए लिखा कि एनडीए समर्थित प्रत्याशी को 28 मत मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को केवल 20 वोट प्राप्त हुए। उन्होंने इसे महागठबंधन की बड़ी हार बताया।

### क्रॉस वोटिंग ने बदला समीकरण

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस चुनाव में क्रॉस वोटिंग ने निर्णायक भूमिका निभाई। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के कुछ विधायकों ने एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी के पक्ष में मतदान किया।

# हिमाचल में खाई में गिरी कार, 7 की मौत, 6 एक ही परिवार के

भरमौर, चंबा

हिमाचल प्रदेश के चंबा-मसरूंड मार्ग पर सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें मेहल गांव के एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं, जबकि सातवां मृतक ड्राइवर था। पुलिस ने सभी के शवों को खाई से निकाल कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूचना के अनुसार, गाड़ी में सवार सभी लोग काकड़ोथा गांव से मुंडन संस्कार में शामिल होकर बुधवार रात को घर लौट रहे थे। इस दौरान इनकी बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि सड़क से गाड़ी लगभग 1200 फीट नीचे गिरी। इससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

इस हादसे में मेहल गांव के चुनी लाल (65) पुत्र परस राम, देवी लाल (62) पुत्र परस राम, बबली देवी (45) पत्नी मोती राम, मोती राम (45) पुत्र परस राम, अनिता कुमारी (20) पुत्री धर्मसिंह, कुंता देवी (53) पत्नी कर्म सिंह और धरो गांव के मनोहर लाल (34) की मौत हो गई। दो सगे भाई और पति-पत्नी भी शामिल है।

# यूटीबी शिवसेना की बैठक में सिर्फ 3 सांसद पहुंचे, बाकी 6 को नोटिस जारी

### बागियों को वाई प्लस सिक्योरिटी मिली

### संजय राउत ने लगातार दूसरे दिन गाली दी

मुंबई



दिल्ली में शिवसेना (यूबीटी) की संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में 9 में से सिर्फ 3 लोकसभा सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे पहुंचे। पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को व्हिप जारी कर दिल्ली में होने वाली बैठक में मौजूद रहने का निर्देश दिया था। बैठक में पहुंचे सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जो सांसद नहीं आए पार्टी उनके खिलाफ नोटिस जारी करेगी। UBT के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि हमारे सांसदों को किडनैप किया गया है। जो बैठक में आएगा वो हमारे साथ है, जो नहीं आएगा वो गद्दार।

गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र पुलिस को 6 बागी सांसदों वाई प्लस सिक्योरिटी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, 6 सांसदों ने बुधवार सुबह 9:30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी।

बैठक में तीन लोकसभा सांसद- अरविंद सावंत, राजभाऊ वाजे और अनिल देसाई शामिल हुए। संजय राउत खुद राज्यसभा सदस्य के तौर पर इस बैठक में मौजूद थे। राउत ने साफ तौर पर कहा कि जो सांसद इस बैठक में नहीं आए, उन्होंने पार्टी व्हिप का उल्लंघन किया है। पार्टी ने अब इन सांसदों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब मांगा जाएगा।

### 2 दिन में 4 नीट स्टूडेंट ने सुसाइड किया

# गुजरात का छात्र छठी मंजिल से कूदा

## तमिलनाडु की छात्रा ने लिखा- दोबारा एग्जाम से डर

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में नीट की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा अनुकीर्तना ने बुधवार सुबह जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले छात्रा ने अपने चाचा और करीबी रिश्तेदारों को वॉट्सएप मैसेज भेजे थे। मैसेज में उसने लिखा- 'मैंने नीट परीक्षा दी थी और मेडिकल कॉलेज में एडमिशन का इंतजार कर रही थी, लेकिन परीक्षा कैंसिल हो गई। अब दोबारा परीक्षा देने से डर लग रहा है। मेरे पापा ने मुझ पर बहुत पैसा खर्च किया है, मैं अब उनका सामना कैसे करूंगी, नहीं जानती।'

अहमदाबाद के न्यू रानीप इलाके में बुधवार रात करीब 2:30 बजे 17 साल के छात्र ने आनंदम फ्लैट्स के ब्लॉक बी की छठी मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस जांच में पता चला कि छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

पिछले दो दिनों में नीट स्टूडेंट की आत्महत्या का यह चौथा मामला है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में भारतीय समुदाय को संबोधित किया

# भारत भविष्य को आकार दे रहा है: मोदी

### मोदी बोले- हमने 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकाले

पेरिस/नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज में ऐसे समय में फ्रांस आया हूं, जब कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टनरशिप के 12 साल पूरे हुए हैं।

मोदी ने कहा- 12 साल तक देश की सेवा करना मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। ये भारत के लोकतंत्र की शक्ति है, जिसने एक चायवाले को यहां तक पहुंचा दिया।

पीएम ने कहा- 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यानी एक ऐसी प्रगति, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। फ्रांस में आज जितने कुल घर हैं, उससे ज्यादा घर हमने भारत में जरूरतमंद लोगों को लिए बनाए हैं।

आज में ऐसे समय में फ्रांस आया हूं, जब कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टनरशिप के 12 साल पूरे हुए हैं। 12 साल तक देश की सेवा करना मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है। ये भारत के लोकतंत्र की शक्ति है, जिसने एक चायवाले को यहां तक पहुंचा दिया। बीते 12 सालों में 140 करोड़ भारतीयों के अद्भुत सामर्थ्य के रहे हैं। भारत की जीडीपी दोगुना हुई है।

### भारत में दोगुनी स्पीड से विकास हो रहा

एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हुई है। यूनिवर्सिटी की संख्या भी दोगुनी हो गई है। हाईवे कंस्ट्रक्शन की स्पीड तीन गुना बढ़ गई है। मैं आपको कुछ और फैक्ट्स दूंगा, इससे आप अंदाजा लगा पाएंगे की आज भारत किस स्पीड और कितने बड़े स्केल पर काम कर रहा है। भारत में मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में 100 गुना की बढ़ोतरी हुई है। भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर है।

### 12 सालों की उपलब्धि को अंकों से नहीं माप सकते

25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यानी एक ऐसी प्रगति, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। फ्रांस में आज जितने कुल घर हैं, उससे ज्यादा घर हमने भारत में जरूरतमंद लोगों को लिए बनाए हैं। इन 12 सालों की उपलब्धियों में एक उपलब्धि ऐसी भी है, जिसे अंकों से नहीं मापा जा सकता। वह है 140 करोड़ भारतीयों का आत्मविश्वास। आज का भारत का युवा बहुत बड़े सपने देख रहा है। भारत का किसान नई संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है।

# सात हजार की रिश्वत लेते कॉन्स्टेबल ट्रैप

## एक मामले में समझौता कराने की एवज में मांगी थी घूस

कोटा

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोटा ने पुलिस लाइन के कॉन्स्टेबल हरिओम को 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप किया है। आरोपी कॉन्स्टेबल हरिओम की उद्योग नगर थाने में ड्यूटी (चेतक ड्राइवर) लगी है।

कांस्टेबल, झूठे मामले में समझौता कराने, कार्रवाई रोकने, मामले को रफा-दफा कराने की एवज में परिवादी से 15000 रिश्वत की डिमांड कर रहा था। 5 हजार पहले ले चुका था। एसीबी की टीम ने गुरुवार रात साढ़े 10 बजे उद्योग नगर थाने में ट्रैप की कार्रवाई की। एसीबी की कार्रवाई के बाद थाने में हड़कंप मच गया। कोटा एसीबी की 15 दिन में ये तीसरी कार्रवाई है।



### शिकायत के सत्यापन के बाद ट्रैप

एडिशनल एसपी एसीबी विजय स्वर्णकार ने बताया-परिवादी ने एसीबी भी चौकी में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि उनके कॉलोनी में नाबालिग बेटे का किसी के साथ झगड़ा हुआ था। बेटे के खिलाफ किसी ने थाने में झूठी शिकायत दी थी।

शिकायत में कार्रवाई रोकने,समझौता करवाने,मामले को रफा-दफा करने की एवज में आरोपी कॉन्स्टेबल हरिओम रिश्वत की डिमांड कर रहा था। 5 हजार रुपए पहले ले चुका था। बाकी की रकम के लिए दबाव बना रहा था।

शिकायत सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।सत्यापन के दौरान आरोपी हरिओम, परिवादी से 8000 रिश्वत लेने पर राजी हुआ।जिसके बाद गुरुवार रात को एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई की। आरोपी कॉन्स्टेबल हरिओम ने थाने के बाहर परिवादी से 7000 की रिश्वत ली। इधर इशारा मिलते ही एसीबी ने आरोपी कॉन्स्टेबल को पकड़ लिया।

## मंदिर, मस्जिद, मजार पर चला बुलडोजर

आगरा (एजेंसी)। आगरा में बुधवार को प्रशासन ने तालाब की जमीन पर बने मंदिर, मस्जिद और मजार को बुलडोजर चलाकर हटा दिया। करीब तीन घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और पीएसी के करीब 500 जवानों की तैनाती रही। प्रशासन ने कोर्ट और एनजीटी के आदेश का हवाला देते हुए तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। मामला सदर तहसील के अंगूठी गांव का है। यहां करीब 22.5 बीघा भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। आरोप था कि इस जमीन पर मंदिर, मस्जिद और मजार बनाकर कब्जा कर लिया गया था। ग्रामीणों की शिकायत और कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की। बुलडोजर सबसे पहले मंदिर, फिर मस्जिद और अंत में मजार पर चला। प्रशासन के अनुसार, तालाब को अमृत सरोवर योजना के तहत विकसित किया जाना है। धार्मिक ढांचे होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। ग्रामीण लंबे समय से भूमि खाली कराने की मांग कर रहे थे। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई न होने पर मामला कोर्ट और बाद में एनजीटी तक पहुंचा।

## बस-ट्रक की टक्कर, 6 की मौत, 31 घायल

वडोदरा (एजेंसी)। गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस सडक़ किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण इलाके में लंबा जाम लग गया।

## डीएफसी कॉरिडोर पर मालगाड़ी के डिब्बे में लगी भीषण आग

### -चार दमकल गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

फिरोजाबाद (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में बुधवार को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर खड़ी एक मालगाड़ी के डिब्बे में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में डिब्बा पूरी तरह इसकी चपेट में आ गया और आसमान में काले धुएं का विशाल गुबार छा गया। धुएं और आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया। मीडिया रिपोर्ट से प्राप्त जानकारी अनुसार, थाना लाइनपार क्षेत्र के रूपसपुर के निकट बुधवार शाम करीब चार बजे डीएफसी लाइन पर खड़ी मालगाड़ी के एक डिब्बे से धुआं निकलता दिखाई दिया। शुरुआत में लोगों ने इसे सामान्य घटना समझा, लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया।

**चार दमकल गाड़ियों ने संभाला मोर्चा**

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे तक चले अभियान के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान प्रशासन की टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहीं ताकि आग अन्य डिब्बों या आसपास के क्षेत्र में न फैल सके।

**पुलिस और रेलवे सुरक्षा एजेंसियां पहुंचीं मौके पर**

आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा गया। अधिकारियों ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था भी की।

**जनहानि नहीं, यात्री रेल सेवाएं प्रभावित नहीं**

प्रशासन के अनुसार इस घटना में किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। चूंकि आग मालवाहक कॉरिडोर पर लगी थी, इसलिए सामान्य यात्री रेल सेवाओं पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। रेलवे प्रशासन और संबंधित विभागों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लेह में ड्यूटी के दौरान पंजाब का जवान शहीद, 5 महीने पहले हुई थी शादीम

लेह (एजेंसी)। लेह में देश की सेवा करते हुए पंजाब के एक वीर जवान नायक सरबजीत सिंह शहीद हो गए। वे पंजाब आर्मर्ड रेजिमेंट का हिस्सा थे और लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्र में तैनात थे। जानकारी के अनुसार, ड्यूटी के दौरान अचानक ऑक्सीजन की कमी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिससे उन्होंने वीरगति प्राप्त की। फतेहगढ़ साहिब जिले के गांव बिंदरख निवासी नायक सरबजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह का विवाह इसी वर्ष 25 जनवरी को ही हुआ था। शादी के मात्र पांच महीने बाद उनके शहीद होने की खबर से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। इस दुखद समाचार के बाद गांव बिंदरख सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। शहीद के ताऊ सुखविंदर सिंह ने बताया कि सरबजीत सिंह का पार्थिव शरीर जल्द ही उनके पैतृक गांव लाया जाएगा, जहाँ पूर्ण राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। देश की रक्षा में दिए गए इस सर्वोच्च बलिदान पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## राम मंदिर ट्रस्ट के दस्तावेजों में चौंकाने वाला खुलासा : दान से ज्यादा ब्याज, बेहिसाब खर्च

अयोध्या (एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के दस्तावेजों से चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। बीते 11 महीनों में मंदिर को श्रद्धालुओं से जितना चढ़ावा मिला है, उससे अधिक बैंक में जमा ट्रस्ट के फंड पर ब्याज मिल गया है। यह खुलासा ट्रस्ट की वित्तीय पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दस्तावेजों से सामने आया है कि गड़बड़ियां केवल चढ़ावे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये उन बेहिसाब खर्चों तक फैली हुई हैं जिनकी पूरी जानकारी ट्रस्ट के कुछ सदस्यों और पदेन पदाधिकारियों को कभी नहीं दी गई।

# अमरनाथ यात्रा में आने वाले लाखों श्रद्धालु कश्मीर के मेहमान: महबूबा

### -3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी यात्रा



**जम्मू, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को कश्मीर का मेहमान बताया है। उन्होंने पहलगाम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि यह यात्रा भारत में कश्मीर के बारे में फैली घृणा और अविश्वास को समाप्त करने का मौका है। मुफ्ती ने सुरक्षा बलों के साथ-साथ पूरे कश्मीरी लोगों से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और यात्रियों के प्रति प्यार, सौहार्द और अतिथि सत्कार की भावना दिखाने की अपील की। उनके अनुसार, प्रत्येक श्रद्धालु के साथ मानवीय व्यवहार ही कश्मीर और मुसलमानों के विरुद्ध गलतफहमियों का मुकाबला कर सकता है और कश्मीरियत की भावना को दिखा सकता है।

करोड़ों शिव भक्तों की आस्था का केंद्र श्री बाबा अमरनाथ की यात्रा भारत की एकता-अखंडता की प्रतीक है। इस पवित्र गुफा की पुनर्खोज बूटा मोहम्मद नामक एक नेक दिल मुस्लिम गुज्जर ने की थी, और आज भी चढ़ावे का एक हिस्सा उनके परिवार को दिया जाता है, जो गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है।

इस वर्ष यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त को सम्पन्न होगी, जो कुल 57 दिनों तक चलेगी। श्रद्धालु अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे 'नुनवान-पहलगाम मार्ग' और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे 'बालटाल मार्ग' का उपयोग करने वाले है। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर के सभी धर्मों के लोगों को एक भावात्मक बंधन में बांधने व भाईचारा मजबूत करने के साथ स्थानीय लोगों जैसे घोड़े, पिट्ठू, पालकी वालों, शिकारा चलाने वालों और होटल मालिकों के लिए कमाई का प्रमुख साधन भी है। इससे राज्य सरकार को भी करोड़ों रुपयों की आय होती है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा मार्ग के अलावा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इसके लिए पोर्टेबल जैमर, डीप सर्च मैटल डिटैक्टर और विस्फोटक डिटैक्टर जैसे अत्याधुनिक उपकरण तैनात किए हैं। अतीत में हुए आतंकवादी हमलों को देखकर इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। आशा है कि महबूबा मुफ्ती के इन उद्गारों के अनुरूप इस वर्ष की यात्रा शांति और सफलता के साथ सम्पन्न होगी।

## राहुल गांधी मानहानि केस : सुल्तानपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में बहस टली, अब 29 जून को होगी अगली सुनवाई



सुलतानपुर (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि मामले में बुधवार को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में होने वाली बहस टल गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 29 जून की तारीख तय की है। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान परिवादी (शिकायतकर्ता) पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अदालत को सूचित किया कि राहुल गांधी के वॉयस सैंपल (आवाज के नमूने) संबंधी अर्जी को खारिज किए जाने के खिलाफ एक पुनरीक्षण याचिका सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। इस कानूनी प्रक्रिया के चलते बुधवार को मामले में आगे बहस नहीं हो सकी, जिसके बाद अदालत ने 29 जून की नई तिथि नियत कर दी। यह पूरा विवाद साल 2018 का है, जब कर्नाटक के बंगलुरू में आयोजित एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से आहत होकर भाजपा नेता विजय मिश्र ने सुल्तानपुर की अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मानहानि वाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही सुल्तानपुर की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जमानत (ठंपस) करा चुके हैं। इसके साथ ही दंड प्रक्रिया संहिता के तहत अदालत में उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब सभी की नजरें 29 जून को होने वाली अगली सुनवाई और बहस पर टिकी हैं।

## राम मंदिर के बाद अब श्रीकृष्ण जन्मस्थान में दान घोटाले का आरोप

**मथुरा (एजेंसी)।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के एक सदस्य ने मथुरा स्थित मंदिर में दान के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए बुधवार को मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की और दावा किया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान से जुड़े कथित गबन जैसी स्थिति यहां भी हो सकते हैं। ये आरोप ऐसे समय सामने आए हैं, जब अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान के कथित गबन के मामले में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर रहा है। हालांकि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने आरोपों को निराधार करार दिया है।



दिनेश फलाहारी महाराज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई जाने वाली दान राशि और आभूषणों का वर्षों से दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दान की गिनती के दौरान सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए जाते हैं। उनका दावा है कि समिति के कुछ सदस्यों ने निजी संपत्ति अर्जित की है, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। फलाहारी महाराज ने कहा कि हमें आशंका है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान में भी इसी (श्रीराम जन्मभूमि मंदिर) तरह की अनियमितताएं हो रही हैं। मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग स्वीकार नहीं की गई तो वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।

इस बीच, आरोपों को खारिज करते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने कहा कि मंदिर में दान के प्रबंधन के लिए पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था अपनाई जाती है और संस्थान किसी भी जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ये आरोप निराधार हैं। हम किसी भी जांच के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि दान की गिनती की प्रक्रिया तीन कर्मचारियों की मौजूदगी में सीसीटीवी निगरानी के तहत की जाती है और इस कार्य में लगे कर्मचारियों की समय-समय पर अदला-बदली भी की जाती है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखी जाती है। उन्होंने कहा कि हम व्यवस्था को और आधुनिक बना रहे हैं तथा सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर के बाहर कोई दान काउंटर नहीं है और सारा चढ़ावा मंदिर परिसर के भीतर ही स्वीकार किया जाता है।

## यूबीटी के 6 सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलों के बीच संजय राउत ने सांसदों को खरीदने का लगाया आरोप, किया दावा

### -हर सांसद को दिए जा रहे 15 करोड़ एडवांस

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एक बार फिर से उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को बड़ा झटका लगने की खबरें सामने आ रही है। पिछले कुछ दिनों से ऐसी चर्चा है कि यूबीटी के सात लोकसभा सांसद पाला बदल सकते हैं। ये सांसद एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेताओं के संपर्क में हैं और जल्द ही शिंदे दोबारा से उद्धव गुट पर सर्जिकल स्ट्राइक कर सकते हैं। इसे ऑपरेशन टाइगर नाम दिया गया है। इस बीच यूबीटी के सांसद संजय राउत का बयान सामने आया है, जिसमें एक बड़ा दावा किया जा रहा है।

संजय राउत का कहना है कि महाराष्ट्र के सांसदों को पाला बदलने के लिए 15-15 करोड़ रुपए ऑफर किए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा 'अपना सपना मनी मनी ! महाराष्ट्र के सांसदों को खरीदने के लिए हर एक को 15-15 करोड़ रुपए एडवांस दिए जा रहे हैं। यह जानकारी चौंकाने वाली और घिनौनी है !। सांसद ने इस पोस्ट को



बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फणडवीस को टैग भी किया है।

**राउत के दावे से पाला बदलने की अटकले तेज**

खास बात ये है कि संजय राउत लगातार इस बात का खंडन कर रहे थे कि पार्टी के सभी सांसद एकजुट हैं और कोई कहीं नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा था कि हम ऑपरेशन वुल्फ करेंगे। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन टाइगर महज एक अफवाह है। लेकिन अब राउत की इस पोस्ट से साफ जाहिर हो रहा है कि राज्य में कुछ बड़ा खेला होने वाला है। पार्टी भले ही एकजुटता की बात करे लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

**उद्धव के सांसद दिल्ली में मौजूद**

इस बीच खबर है कि शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुंबई से दिल्ली पहुंच गए हैं। ऑपरेशन टाइगर की चर्चाओं के बीच शिंदे का दिल्ली दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इधर उद्धव गुट के भी कुछ सांसद दिल्ली में दिल्ली पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे शिरडी से दिल्ली आए हैं। बताया जा रहा है कि कल ही उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया था और संगमनेर में आयोजित सप्ताह कार्यक्रम में भी मौजूद रहे थे। हालांकि अचानक दिल्ली रवाना होने के बाद उनके दौरे को लेकर कई तरह की राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही हैं।

**6 सांसदों के अलग गुट बनाने की चर्चा**

वहीं शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के तीन सांसद अनिल देसाई, संजय राउत और अरविंद सावंत भी दिल्ली पहुंचे हैं। खबर है कि आज तीनों सांसद मीडिया से बात करेंगे। वहीं उद्धव ठाकरे के सांसद नागेश आस्तिकार भी दिल्ली आ गए हैं। वहीं परभणी सांसद संजय उर्फ बंधु जाधव और यवतमाल वाशिम सांसद संजय देशमुख के भी दिल्ली आने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक यूबीटी के 9 में से 6 सांसद अलग गुट बनाएंगे। खबर है कि ये सांसद एकनाथ शिंदे की पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

## रांची में संघ कार्यालय पर बदमाशों ने फेंके पेट्रोल बम, एक फटा, घटना कैमरे में कैद

रांची (एजेंसी)। झारखंड की राजधानी रांची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के दफ्तर पर हमला हुआ है। यहां बदमाशों ने पेट्रोल बम से हमला किया और भाग गए। इस घटना की तस्वीर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बदमाशों की तस्वीर से उनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने कार्यालय में दो पेट्रोल बम फेंका जिसमें एक फटा। इस वारदात को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी खंगाल रही है। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति जाते दिखा। इस मामले पर बात करते हुए झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आरएसएस के दफ्तर में रात साढ़े 12 बजे 2 लड़के 2 बार आते हैं एक बार ऊपर पेट्रोल बम फेंकते हैं जो फटता है, और फिर नीचे चलाते हैं। फिर आराम से लौट जाते हैं। मरांडी ने कहा कि मामला गंभीर है। संघ के ऑफिस में इस प्रकार से हमला होना एक प्रकार से बड़ी घटना को राज्यभर में अंजाम देने की तैयारी थी। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## अकाल तख्त के फैसले के बाद भगवंत मान पर गहराया नैतिक संकट, इस्तीफे की मांग तेज

### राज्यसभा सांसद तरुण चुघ, मान को अपने पद रहने का नैतिक अधिकार नहीं

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर वीडियो विवाद को लेकर गहरा नैतिक संकट छा गया है, जिसमें सिख धर्म और उसकी सम्मानित हस्तियों का कथित तौर पर अनादर हुआ है। इस मामले में सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा दिए गए फैसले के बाद बीजेपी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने कहा है कि मान को अपने पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

सांसद चुघ ने याद दिलाया कि जब यह वीडियो कई महीने पहले पहली बार सामने आया था, तब मुख्यमंत्री मान ने वीडियों को बनावटी बताकर खारिज किया था। उन्होंने दावा किया था कि इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके बनाया गया है। सीएम मान ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के सामने पेश होकर चुनौती दी थी कि किसी सक्षम एजेंसी से वीडियो की जांच कराई जाए, क्योंकि उनका मानना था कि यह नकली है। इस तरह मान ने अपनी विश्वसनीयता को इस जांच के नतीजे पर टिका दिया था।

हालांकि, 15 जून को पंथिक हस्तियों,



संस्थाओं और सिख संगठनों के साथ हुई बातचीत में सारी सच्चाई सामने आ गई। चुघ के अनुसार, वीडियो को देश की दो मान्यता प्राप्त फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा गया था, और दोनों ने बिना किसी संदेह के यह निष्कर्ष निकाला कि वीडियो पूरी तरह असली था, उसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की गई थी और वह एआई से नहीं बनाया गया था। इस तरह जिस जांच के लिए भगवंत मान ने खुद कहा था, वहीं आज उनके अपने ही आचरण के खिलाफ एक गंभीर आरोप बन गया है।

इन नतीजों के आधार पर, सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था ने मान को गुरु-द्रोही और पंथ-विरोधी करार दिया। साथ ही, सिख संगत को उनका सामाजिक बहिष्कार करने की सलाह दी। इस अभूतपूर्व निंदा ने दुनिया भर में नानक नाम लेवा संगत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और एक ऐसी नैतिक व राजनीतिक स्थिति पैदा कर दी है जिसका सामना पहले किसी मुख्यमंत्री को नहीं करना पड़ा था।

## भारत की अफगानिस्तान को मानवीय मदद, ' पाकिस्तान समर्थक तिलमिलाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अपने पड़ोसी अफगानिस्तान को बड़ी मदद की है। संकटग्रस्त अफगानिस्तान को भारत से 5 टन आवश्यक दवाइयों की एक और खेप काबुल पहुंची है। एक मित्र राष्ट्र के तौर पर भारत द्वारा दी जा रही मदद की सोशल मीडिया पर व्यापक सराहना की जा रही है। हालांकि, कुछ पाकिस्तान समर्थक तत्वों को यह मानवीय कार्य रास नहीं आ रहा है, जिससे वे अपनी कुंठा सोशल मीडिया पर निकाल रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस सहायता की जानकारी साझा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया, दूर के दोस्त ना रहें, पड़ोसी रहने चाहिए सबसे पहले, इस भावना को उजागर कर भारत ने अफगानिस्तान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। इस पहल को ज्यादातर सोशल मीडिया यूजर्स ने खूब सराहा है, जहां सैयद गुलाम रिजवी जैसे हैंडल ने पड़ोसियों के साथ मजबूत संबंधों की वकालत की है, वहीं कई अन्य ने भारत के इस कदम को बहुत अच्छे, जरूरतमंदों की मदद करते रहें जैसे शब्दों से सराहा है। हालांकि, भारत की मानवीय पहल से कुछ पाकिस्तान समर्थक लगने वाले लोग बेहद



नाखुश हैं। सोशल मीडिया पर हैंडल ने भारत पर इसके माध्यम से दक्षिण एशिया में आतंकवाद को संरक्षण देने तक का आरोप लगाया, और लिखा कि सत्ता की भूख ने भारतीयों को बहुत ही नीचे गिरा दिया है।

भारत अपनी नेबरहुड फर्स्ट नीति पर लगातार काम कर रहा है और अफगानिस्तान के साथ-साथ नेपाल, मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसियों के संकट में भी हमेशा खड़ा रहा है। अफगानिस्तान के लिए यह केवल नवीनतम सहायता है। इसी महीने भारत ने वहां के स्वास्थ्य तंत्र के लिए वेंटिलेटर, कार्डियोग्राफ और नवजात शिशुओं की देखभाल से जुड़े डायग्नोस्टिक व उपचार उपकरण भेज दिए थे। पिछले महीने 33 टन बीसीजी, टिटनेस और डिप्थीरिया वैक्सीन की सामग्रियां भेजी गई थीं, जिसने बच्चों के टीकाकरण अभियान को मजबूत किया। हाल ही में अप्रैल में, बाढ़ राहत के लिए किचेन सेट, हाइजिन किट और स्लीपिंग बैग सहित 3 टन विशेष सामग्री भी पहुंचाई गई थी।

## पेपर लीक का धंधा अरबों रुपयों का, इसका पैसा ऊपर तक पहुंचता है: केजरीवाल

### -टेलीग्राम बंद करना...क्या इन कदमों से पेपर लीक रुकेंगे? बिल्कुल नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएमए अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने टेलीग्राम पर पाबंदी और परीक्षा के पेपर हवाई मार्ग से पहुंचाने के लिए भारतीय सेना के इस्तेमाल को सरकार के बेतुके कदम बताया। उन्होंने सवाल किया कि सेना के विमानों से पेपर पहुंचाना, टेलीग्राम बंद करना...क्या इन कदमों से पेपर लीक रुकेंगे? बिल्कुल नहीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पेपर लीक का धंधा कई अरब रुपयों का रैकेट है। इसका पैसा सबसे ऊपर तक पहुंचता है। अगर पेपर लीक रुक गए, तो सांसद और विधायकों को खरीदने के लिए पैसा कहां से आएगा? नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 22 जून 2026 तक टेलीग्राम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसमें नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा और उसके ठीक बाद का समय भी शामिल था। इस रोक का मकसद उस तरीके को रोकना था जिसके तहत राष्ट्रीय परीक्षाओं में पेपर लीक के झूठे सबूत गढ़े जाते थे।

टेलीग्राम के सीईओ पावेल डुरोव ने इस अस्थायी रोक की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लाखों आम यूज़र्स को बिना वजह सजा मिलती है, जबकि लीक को रोकने में भी यह नाकाम रही है, क्योंकि पेपर लीक अब दूसरे ऐप्स पर हो रहे हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत के आईटी मंत्रालय ने एक हफ्ते के लिए टेलीग्राम पर रोक लगा दी क्योंकि कुछ यूज़र्स ने परीक्षा के लीक हुए सवाल शेयर किए थे।

एनटीए ने साफ किया कि प्लेटफ़ॉर्म-लेवल पर यह पाबंदी लगाई गई थी। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने टेलीग्राम को निर्देश दिया कि वह भारत में पहले से पोस्ट किए गए मैसेज के लिए मैसेज-एडिटिंग फ़ीचर को 30 जून 2026 तक बंद कर दे।



# बिना ब्याज के पैसे दिलाने के बहाने 12 लाख के जेवरात हड़पे, प्रतापनगर थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सोने के जेवरात गिरवी रखकर बिना ब्याज के पैसे दिलाने का झांसा देकर साढ़े सात तोला (75 ग्राम) सोने के गहने हड़पने और अब वापस मांगने पर मोटी रकम, भारी ब्याज व पेनल्टी की नाजायज मांग कर डराने-धमकाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में पहले प्रतापनगर थाने में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर गुरुवार को पीड़िता ने जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) भीलवाड़ा के समक्ष उपस्थित होकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

मूल रूप से डोंबिवली (ईस्ट मुंबई, महाराष्ट्र) की रहने वाली और हाल निवासी प्रतापनगर (चित्तौड़गढ़) धनश्री संदीप अल्वेकर (33) पत्नी संदीप नारायण अल्वेकर ने एसपी को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पिछले करीब एक वर्ष से चित्तौड़गढ़ में रहकर कार्य कर रही है। करीब 3-4 वर्ष पूर्व उसका संपर्क शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा निवासी रेनू चतुर्वेदी से हुआ था, जिससे धीरे-धीरे उसकी दोस्ती हो गई। रेनू कभी-कभार उससे मिलने आती थी और अपने साथ सादिक हसैन उर्फ सोनू खान नाम के व्यक्ति को भी लाती थी

शिकायत के अनुसार, सितंबर 2025 में पीड़िता धनश्री को व्यापार के लिए रुपयों की आवश्यकता हुई। इस पर उसने रेनू चतुर्वेदी से अपनी जरूरत बताई और कहा कि वह अपना सोना गिरवी रखकर कहीं से 3 लाख रुपये की व्यवस्था करवा दे। इस पर रेनू ने उसे झांसा दिया कि वह बिना किसी ब्याज के उसे पैसे दिलवा देगी, लेकिन रकम टुकड़ों में मिलेगी। झांसे में आकर पीड़िता सितंबर 2025 में पुर रोड स्थित एक होटल में रुकी, जहां रेनू



चतुर्वेदी और सादिक हुसैन उर्फ सोनू खान आए। धनश्री ने उन्हें अपने साढ़े सात तोला (75 ग्राम) सोने के जेवरात (जिसमें साढ़े तीन तोले का एक मंगलसूत्र, ढाई तोले की एक सोने की चैन और आधा-आधा तोले की तीन अंगूठियां शामिल थीं, जिनकी कुल कीमत करीब 10 से 12 लाख रुपये है) सौंप दिए। इसके बाद आरोपी उसे गाड़ी में बैठाकर शहर में घुमाते रहे और सोना गिरवी रखने की बात कहकर उसे गाड़ी में ही बैठाए रखा। वापस आकर आरोपियों ने कहा कि सोना गिरवी रख दिया है, कल तुम्हें 50 हजार रुपये मिल जाएंगे।

इस पर मैनें दोनों पर विश्वास कर लिया और फिर उन्होंने मेरे फोन पे पर 50 हजार रूपये ट्रांसफर करवा दिये और उसके बाद मुझे 2,50,000/- रूपये भी फर्दन-फर्दन दे दिये और फिर मुझे 70 हजार की ओर आवश्यकता होने से मैनें रेणु से कहा तो उसने कहा कि तेरा सोना करीब 10-12 लाख का है इसलिये मैनें जिसके यहां तेरा सोना गिरवी रखा है उससे तुझे 70 हजार ओर दिलवा दूंगी इस प्रकार मुझे कुल 3.70,000/-रूपये किस्तों में दिलवा दिये।

जनवरी 2026 में जब पीड़िता ने रुपयों की व्यवस्था होने पर अपना सोना वापस मांगा, तो आरोपी रेणु चतुर्वेदी और सादिक हुसैन टालमटोल करने लगे और फोन उठाना बंद कर दिया। काफी दबाव बनाने पर आरोपियों ने कहा कि अब 01 प्रतिशत प्रति माह के हिसाब से ब्याज और पेनल्टी लगेगी, तभी सोना वापस मिलेगा। जब पीड़िता ने बिना ब्याज की बात याद दिलाई तो आरोपियों ने धमकी दी कि अगर ज्यादा तकाजा किया तो तेरा सोना भूल जाना और वॉट्सऐप कॉल पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सोना हड़पने की धमकी दी। आरोपियों ने साफ कह दिया कि उन्हें तो पीड़िता को विश्वास में लेकर धोखाधड़ी करनी थी, जो उन्होंने कर ली।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत उसके साथ छल-कपट और धोखाधड़ी कर उसके लाखों के जेवरात हड़प लिए हैं और उसे खुर्द-बुर्द करने की फिराक में हैं। इस संबंध में पीड़िता ने गत 2 जून 2026 को भीलवाड़ा के प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। पुलिस की इसी सुस्ती के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे पीड़िता को लगातार 10 प्रतिशत प्रति माह ब्याज व पेनल्टी की नाजायज मांग कर डरा रहे हैं। आरोपियों ने पीड़िता को यह भी धमकी दी कि थाने में उनकी ऊंची पहुंच है और पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

परेशान होकर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है कि दोषियों के खिलाफ सख्त मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए, वारदात में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया जाए और उसका साढ़े सात तोला सोना सकुशल बरामद करवाया जाए।

# जसवंतपुरा तालाब में केमिकल युक्त पानी छोड़ने से मछलियों व पशु-पक्षियों की मौत



## ग्रामीणों ने कार्रवाई की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बनेड़ा तहसील के ग्राम जसवंतपुरा स्थित तालाब में कथित रूप से एक रासायनिक फैक्ट्री द्वारा बिना उपचार (ट्रीटमेंट) किए केमिकल युक्त अपशिष्ट जल छोड़े जाने से बड़ी संख्या में मछलियों तथा अन्य जलीय जीवों एवं पशु-पक्षियों की मौत का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत बेरा द्वारा आरोप लगाया गया है कि एब्सोल्यूट ग्रीनफ्यूल्स एलएलपी द्वारा टैंकरों के माध्यम से रासायनिक अपशिष्ट युक्त गंदा पानी जसवंतपुरा तालाब में डाला गया, जिससे तालाब का जल प्रदूषित हो गया और जलीय जीवों के साथ-साथ पशु-पक्षियों की भी मौत हो गई।

ग्रामीणों ने पूर्व में भी फैक्ट्री के टैंकरों को पकड़कर मामले की शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी तालाब में प्रदूषण के कारण जीव-जंतुओं की मौत की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन उनकी रिपोर्टों पर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्राम पंचायत बेरा की प्रशासक काली देवी गुर्जर तथा स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और संबंधित फैक्ट्री एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।


# हाईवे किनारे लहूलुहान मिला किसान, अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल होने की आशंका

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** नेशनल हाईवे 148-डी पर धौड़ चौराहे के समीप गुरुवार को सड़क किनारे एक व्यक्ति गंभीर घायल अवस्था में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को उपचार के लिए जहाजपुर के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मौका परचा बनाते हुए घायल के परिजनों से घटना की जानकारी ली।

थाने के एएसआई नज्मू खान ने बताया कि सोराज पुत्र रघुनाथ मीणा (53) निवासी नाथूण (बरड़ा) को गंभीर घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के पुत्र नवीन मीणा ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात बड़े वाहन ने उसके



पिता को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर सड़क किनारे पड़े मिले।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल लेकर आए। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल का अस्पताल में उपचार जारी है।

# 900 बीघा गौचर भूमि बचाने की मांगः लैंटाना झाड़ियों और अतिक्रमण से मुक्त कराने को मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल|मंगरोप

जिले के हमीरगढ़ उपखंड क्षेत्र के मंगरोप,रतनपुरा,गढ़पाछली आमली एवं आसपास के गांवों में फैली करीब 900 बीघा चारागाह (गौचर) भूमि को लैंटाना झाड़ियों और अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग जोर पकड़ने लगी है।इस संबंध में द मूवमेन्ट ऑफ फाउण्डेशन के अध्यक्ष,भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता दयाराम दिव्य ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में बताया गया है कि वर्षों पहले गौवंश के चरने एवं ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित की गई यह विशाल चारागाह भूमि आज अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है।भूमि के बड़े हिस्से पर लैंटाना जैसी घातक झाड़ियां फैल चुकी हैं,जबकि कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण होने से गौचर क्षेत्र



लगातार सिकुड़ता जा रहा है।इसके कारण क्षेत्र के हजारों गौवंशों के लिए चारे का संकट गहराने लगा है।दयाराम दिव्य ने कहा कि मंगरोप,रतनपुरा,गढ़पाछली आमली सहित आसपास के दर्जनों गांवों के पशुपालक और ग्रामीण लंबे समय से इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करते आ रहे हैं।ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में यह चारागाह भूमि पूरी तरह समाप्त होने की स्थिति में पहुंच सकती है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने भी पूर्व में विधानसभा में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए चारागाह भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की थी।इसके बावजूद अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।सामाजिक कार्यकर्ता दयाराम दिव्य ने मुख्यमंत्री के साथ-साथ राज्य के मुख्य सचिव,संबंधित विभागों के मंत्रियों,वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला कलेक्टर को भी पत्र प्रेषित कर मांग की है कि चारागाह भूमि का राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार डिमार्केशन(सीमांकन)कराया जाए,भूमि पर फैली लैंटाना झाड़ियों को हटाया जाए तथा अवैध कब्जों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर गौचर भूमि को मुक्त कराया जाए।

उन्होंने कहा कि गौचर भूमि केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गौवंश संरक्षण का आधार है।राज्य सरकार यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाती है तो न केवल हजारों पशुओं को पर्याप्त चराई क्षेत्र उपलब्ध होगा,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को भी मजबूती मिलेगी।ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने सरकार से मांग की है कि 900 बीघा इस महत्वपूर्ण चारागाह भूमि को संरक्षित घोषित कर उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न न हो और क्षेत्र की गौचर भूमि सुरक्षित रह सके।

# जीवार गांव में नट समाज ने कराया भगवान रामदेवजी महाराज मंदिर का निर्माण

स्मार्ट हलचल | आसींद

क्षेत्र के जीवार गांव में धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता का प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। गांव में दाती महाराज को आमंत्रित कर उनके सानिध्य में नट समाज द्वारा भगवान रामदेवजी महाराज के भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया।

मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों एवं नट समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी महाराज से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की।

समाज के वरिष्ठजन हंसराज बामनिया ने बताया कि मंदिर निर्माण से गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

# कार से टक्कर मार 50 हजार की लूट, रायला पुलिस ने 6 घंटे में किया खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार,नगदी बरामद, कार जब्त

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा (रायला)।** कुंडिया-विजयपुरा रोड पर बाइक सवार युवक को कार से टक्कर मारकर 50 हजार रुपए से भरा बैग लूटने की वारदात का रायला पुलिस ने महज छह घंटे में पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटी गई पूरी नकदी बरामद कर वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 जून की शाम विजयपुरा निवासी मुस्ताक अली सोलर कनेक्शन का कार्य पूरा कर बाइक से घर लौट रहे थे। कुंडिया कला के निकट पीछे से आई एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही कार में सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट कर बैग छीन लिया और फरार हो गए। बैग में 50 हजार रुपए नकद तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे।

घटना की सूचना मिलते ही रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के



नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई तथा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात के छह घंटे के भीतर ही तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में सुनील पुत्र विजय गोड (24) निवासी पटेल नगर सेक्टर-11 भीलवाड़ा, चांदमल जाट पुत्र बंशीलाल (20) निवासी भागा का खेड़ा थाना मंगरोप तथा राहुल भांभी पुत्र महावीर (23) निवासी नांदसी जिला अजमेर हाल निवासी आजाद नगर भीलवाड़ा को डिटेन कर पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने लूट करना स्वीकार किया,फिर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने दिन में ही पीड़ित की रेकी कर ली थी। सुनसान स्थान पर मौका देखकर कार से टक्कर मारकर उसे गिराया गया और फिर मारपीट कर बैग लूट लिया गया। एसपी सागर राणा के निर्देशन तथा एएसपी राजेश आर्य और सीओ सतीश मीणा के सुपरविजन में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 50 हजार रुपए नकद बरामद कर लिए। साथ ही वारदात में प्रयुक्त कार नंबर 'छ्व-27-ष्ट-9153 को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और उनके आपराधिक रिकॉर्ड के साथ अन्य वारदातों में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की पति की हत्या, शव टांके में फेंका

## बाड़मेर पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बाड़मेर

बाड़मेर जिले की सदर थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर पति की हत्या कर शव को पानी के टांके में फेंक दिया गया था, ताकि घटना को हादसा या आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य एवं वृत्ताधिकारी रमेश कुमार शर्मा के निर्देशन में सदर थानाधिकारी करतार सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मामले की जांच कर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने मृतक की पत्नी नेतल देवी तथा उसके कथित प्रेमी गुमान सिंह को गिरफ्तार किया है।

### 4 जून को टांके में मिला था शव





पुलिस के अनुसार 4 जून को महेशाराम ने अपने भाई तेजाराम का शव पानी के टांके में मिलने की सूचना दी थी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान मामले में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। जांच के दौरान मृतक की पत्नी नेतल देवी और गुमान सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। इसके बाद पुलिस ने गहन पूछताछ और साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई आगे बढ़ाई।

### भाई ने दर्ज कराया हत्या का मामला

मामले में नया मोड़ तब आया जब 15 जून को मृतक के भाई महेशाराम ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोप लगाया कि उसके भाई तेजाराम की हत्या उसकी पत्नी नेतल देवी, गुमान सिंह और एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर की है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी।

### प्रेम प्रसंग बना वजह

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक तेजाराम कथित रूप से पत्नी और उसके प्रेम संबंधों में बाधा बन रहा था। इसी कारण आरोपी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। बाद में शव को टांके में डालकर सबूत मिटाने का प्रयास किया गया।

### कोर्ट में पेश, एक आरोपी जेल भेजा

गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी पत्नी नेतल देवी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया, जबकि आरोपी गुमान सिंह को आगे की पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। पुलिस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# राज्यसभा चुनाव में एनडीए का दबदबा, झारखंड में क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस को झटका

## 12 राज्यों की 26 सीटों में एनडीए को 19, इंडिया गठबंधन को 6 सीटें; झारखंड में परिमल नाथवानी की जीत बनी चर्चा का केंद्र

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली/ रांची

देश के 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों के लिए हुए चुनावों के परिणाम गुरुवार को घोषित हो गए। चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि इंडिया गठबंधन को 6 सीटें मिलीं। एक सीट मिजोरम में सत्तारूढ़ जोराम पीपुल्स मूवमेंट के खाते में गई।

राजनीतिक दृष्टि से सबसे अधिक चर्चा झारखंड की दो राज्यसभा सीटों को लेकर रही, जहां कथित क्रॉस वोटिंग ने चुनावी समीकरण बदल दिए। यहां भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार एवं उद्योगपति परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैद्यनाथ राम विजयी घोषित हुए। कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा।

### झारखंड में बदला चुनावी गणित

झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन के पास दोनों सीटें जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल माना जा रहा था, लेकिन मतदान के बाद परिणाम अलग रहे। परिमल नाथवानी को अपेक्षा से अधिक समर्थन मिला, जिससे क्रॉस वोटिंग



की चर्चाएं तेज हो गईं। कांग्रेस नेताओं ने सहयोगी दलों पर साथ नहीं देने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, नाथवानी को प्रथम वरीयता के 28 वोट मिले, जबकि कुछ मत अमान्य भी घोषित किए गए। परिणाम ने झारखंड की राजनीति में नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कौन हैं परिमल नाथवानी?

परिमल नाथवानी देश के प्रमुख उद्योगपतियों में गिने जाते हैं और इससे पहले भी झारखंड से राज्यसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उन्होंने इस बार भी प्रभावशाली जीत दर्ज की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी जीत एनडीए के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त मानी जा रही है।

### एनडीए और इंडिया दोनों को एक-एक सीट का फायदा

राज्यसभा चुनावों के बाद एनडीए को कुल मिलाकर एक सीट का लाभ हुआ है, जबकि इंडिया गठबंधन ने भी अपने पूर्व प्रदर्शन की तुलना में एक अतिरिक्त सीट हासिल की है। इससे आगामी संसद सत्रों में दोनों पक्षों की रणनीति पर असर पड़ सकता है।

### राजनीतिक मायने

झारखंड का परिणाम केवल एक चुनावी जीत-हार नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे विपक्षी एकता की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है। क्रॉस वोटिंग के आरोपों ने इंडिया गठबंधन के भीतर समन्वय और अनुशासन को लेकर बहस छेड़ दी है। वहीं एनडीए इसे अपनी राजनीतिक रणनीति की सफलता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

# नगर निगम ने दाई हलीमा हॉस्पिटल ट्रस्ट की फायर एनओसी की निरस्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

नगर निगम भीलवाड़ा ने सांगानेरी गेट स्थित वक्फ जायदाद दरगाह गुल जी पीर परिसर में निर्माणाधीन दाई हलीमा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल ट्रस्ट को जुलाई 2025 में जारी की गई फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त द्वारा 18 जून 2026 को आदेश जारी किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेशों की अनुपालना में की गई है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस कुलदीप माथुर ने 1 अप्रैल 2026 को अहमद अली की याचिका पर सुनवाई करते हुए दाई हलीमा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल ट्रस्ट के पंजीयन को निरस्त करने के निर्देश दिए थे।

उच्च न्यायालय के आदेश के बाद नगर निगम प्रशासन ने मामले की समीक्षा करते हुए ट्रस्ट को पूर्व में जारी फायर एनओसी को निरस्त करने का निर्णय लिया। आदेश के अनुसार अब संबंधित फायर एनओसी प्रभावहीन मानी जाएगी।

नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद निर्माणाधीन अस्पताल परियोजना की प्रशासनिक और कानूनी स्थिति को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई उच्च न्यायालय के निर्देशों तथा संबंधित विभागों के निर्णयों के अनुरूप की जाएगी।

# शाहपुरा में पेनोरमा निर्माण में सुस्ती भारी, धरोहर अध्यक्ष हुए नाराज

## कहा, मानकों पर नहीं होगा समझौता- अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** राजस्थान की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहरों को नई पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है, लेकिन शाहपुरा में निर्माणाधीन पेनोरमा परियोजनाओं की धीमी रफ्तार ने अब चिंता बढ़ा दी है।

बुधवार रात्रि शाहपुरा पहुंचे राजस्थान सरकार धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने निर्माणाधीन केसरी सिंह बारहठ पेनोरमा और रामस्नेही पेनोरमा का मौके पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में सुस्ती और गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए लखावत ने इंजीनियरों और ठेकेदारों को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान लखावत का रुख बेहद सख्त नजर आया। विशेष रूप से केसरी सिंह बारहठ पेनोरमा के कार्य की धीमी गति पर उन्होंने असंतोष जताया और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कहा कि 'काम में तेजी लाओ, यह केवल निर्माण परियोजना नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति और बलिदान की स्मृति का केंद्र है।' उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

लखावत ने भवन निर्माण में सूरसागर, जोधपुर के उच्च गुणवत्ता वाले पत्थर के उपयोग का निर्देश देते हुए कहा कि बाहरी सौंदर्य के साथ-साथ संरचना की मजबूती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने फ्लोरिंग और सीलिंग कार्य को भी मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ करवाने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित तकनीकी मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि पेनोरमा केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास का जीवंत दस्तावेज होता है। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

इसके बाद लखावत ने रामस्नेही पेनोरमा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विशेष रूप से मुख्य भवन की स्थिति का अवलोकन किया और बारिश के मौसम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले मुख्य भवन को सुरक्षित स्तर तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वर्षा के कारण निर्माण कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने इंजीनियरों से कार्य की गति बढ़ाने और समयसीमा में परियोजना पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी एवं कैलाश सिंह जाड़ावत ने पेनोरमा परिसर में बेहतर गुणवत्ता वाले पौधारोपण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पेनोरमा परिसर केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे हरियाली और सौंदर्य से युक्त सांस्कृतिक परिसर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इस सुझाव पर लखावत ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए गुणवत्तापूर्ण पौधारोपण पर विचार करने का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के बाद लखावत ने महाराणा प्रताप स्मारक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ ही नहीं, पूरे राष्ट्र के स्वाभिमान, शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी देश को प्रेरणा देते हैं।

लखावत ने बताया कि राज्य सरकार महाराणा प्रताप के शौर्य और गौरव को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विशेष सर्किट विकास योजना पर कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से ऐतिहासिक स्थलों को जोड़कर पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को नई मजबूती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इतिहास को सहेजना केवल सरकार का कार्य नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रघुनंदन सोनी, कैलाश सिंह जाड़ावत, राजू सोलंकी, युवराज, पवन कुमार शर्मा, शहीद प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान के सदस्य रामप्रसाद सेन, ओम लुहार, कैलाश मेहडू, रघुवीर सिंह, जगदीश प्रसाद पारीक, ठेकेदार, श्रमिक एवं इंजीनियर राजावत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शाहपुरा में पेनोरमा निर्माण कार्य को लेकर लखावत की सख्ती ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि धरोहर परियोजनाओं में अब ढिलाई और लापरवाही नहीं चलेगी। प्रशासनिक सख्ती के बीच अब स्थानीय लोगों की नजर इस बात पर रहेगी कि चेतावनी के बाद निर्माण कार्य कितनी तेजी पकड़ता है। फिलहाल इतना तय है कि शाहपुरा की ऐतिहासिक पहचान को नया आयाम देने वाली ये परियोजनाएं अब प्रशासन की विशेष निगरानी में हैं।

# रोड रोलर और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में 25 वर्षीय युवक की मौत

स्मार्ट हलचल | मांडल

मांडल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरण गांव निवासी रतन पुत्र रमेश ओड (25) अपनी बाइक से खड़ेश्वरजी मंदिर के पास से होकर बरण की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे रोड रोलर से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक मौके पर पहुंचे और घायल युवक को प्राथमिक उपचार देते हुए मांडल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया। परिजनों और चिकित्साकर्मियों के प्रयासों के बावजूद युवक की हालत लगातार बिगड़ती गई तथा उच्च चिकित्सा केंद्र ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। मांडल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। युवक की असमय मृत्यु से गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# विभिन्न मांगो को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारियों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

पंचायती राज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मार्गो को लेकर के चलाए जा रहे आदोलन के तहत गुरूवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया गया।

मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा अपनी मागो के लेकर के चल आदोलन के तहत गुरूवार दोपहर को पंचायत समिति परिसर में सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। जिसमें सरकार को सद्बुद्धि की कामना कि कामना कि गई। यज्ञ के दौरान रघुनंदन वैष्णव, विजेंद्र सिंह, नारायण लाल तेली, अमीष व्यास, संदीप कुमार जोशी, प्रहलाद सुथार, महावीर गुर्जर, दलीचंद बैरवा, गोपाल बलाई, गोपाल बैरवा, दिनेश जीनगर, विष्णु सेन, रामलाल रैगर, रामकुमार जाट, लालाराम नायक, किशन पूरी, रोशन बैरवा, राकेश सेन, सुखदेव सिंह, इस्लाम मोहम्मद, कमलेश सोनी, पूरण छिपा, संतोष छिपा, शमीम बानू, राजकुमार, रामेश्वर चौधरी, आदि मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हुई स्क्रीनिंग



स्मार्ट हलचल | काछोला

तहसील क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर थलकलां मे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पोर्टेबल एक्स रे मशीन से टीबी से संभावित मरीजों का चेस्ट एक्स रे किया गया!

प्रभारी एएएम सीएचओ चांदमल रेगर ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भीलवाड़ा सीएमएचओ डॉ संजीव शर्मा और डीटीओ डॉ प्रदीप कटारिया के दिशा निर्देशन मे थलकलां मे 60 से अधिक मरीजों का चेस्ट एक्स रे कर टीबी की स्क्रीनिंग की गई और एक्स रे मे संदिग्ध पाए गए मरीजों का सीबीनाट करने के लिए स्पूक्तम सैम्पल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काछोला भेजा गया!

शिविर में मरीजों को संकल्प दिलाया कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाते हुए टीबी हारेगा देश जीतेगा की दिशा में ग्रामवासियों को टीबी के जोख़िम कारकों, लक्षणों स्क्रीनिंग उपचार और जांचों के बारे जानकारी दी!

शिविर में सीनियर टीबी सुपरवाइजर मोहम्मद रफीक अंसारी प्रभारी एएएम नाहरगढ़ सोनू कुमार नागर रेडियोग्राफर संजय मीणा एएनएम सुषमा शरण आशा सहयोगिनी सत्यवती पराशर चंद्रकांता शर्मा चंदा पारीक गीता जाट ग्राम साथिन सावित्री देवी गर्ग एनजीओ सहित अन्य ने सेवाए दी।

# यूरिया, डीपी एवं अन्य उर्वरकों की कालाबाजारी एवं मनमानी दरों पर बिक्री को लेकर ऊपरमाल किसान पंचायत ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** क्षेत्र में यूरिया, डीपी एवं अन्य उर्वरकों की कालाबाजारी मनमानी दरों पर बिक्री रोकना तथा पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ऊपर माल किसान पंचायत के किसानों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

किसानों का कहना है कि क्षेत्र के किसान वर्तमान समय में कृषि कार्यों के लिए आवश्यक उत्पादों की उपलब्धता एवं उनकी बढ़ती कीमतों की समस्या से अत्यंत परेशान हैं। क्षेत्र के अनेक किसानों द्वारा लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि यूरिया, डीपी तथा अन्य उत्पादों की बिक्री निर्धारित सरकारी दरों से अधिक मूल्य पर की जा रही है। कई स्थानों पर किसानों को आवश्यकता



अनुसार खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है तथा कुछ वस्तुओं द्वारा उत्पादों के साथ अन्य कृषि सामग्री खरीदने का दबाव भी बनाया जा रहा है। इस कारण किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ रहा है

वर्तमान समय में खरीफ फसलों की उपज एवं फसल प्रबंधन का महत्वपूर्ण दौर है। इस अवधि में यूरिया, डीपी एवं अन्य फसलों की आवश्यकता अत्यधिक रहती है। यदि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होती है, तो इसका सीधा प्रभाव फसलों की वृद्धि उत्पादन क्षमता तथा किसानों की आय पर पड़ता है। क्षेत्र के छोटे एवं सीमांत किसान पहले से ही बढ़ती कृषि लागत, मौसम की अनिश्चितताओं तथा बाजार की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में फसलों की कालाबाजारी एवं मनमाने दामों पर बिक्री उनकी समस्याओं को और अधिक गंभीर बना रही है। हमें पूर्ण विश्वास है की प्रशासन किसानों की इस गंभीर समस्या को समझते हुए शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई करेगा।

किसानों की इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश प्रदान किए जाएं। क्षेत्र के सभी खाद विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए तथा जहां भी अनियमितताएं पाई जाएं वहां दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को निर्धारित सरकारी दरों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध हों।

# झरना महादेव में गुर्जर समाज की बैठक आयोजित

## पुरानी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से करेगी कार्य

स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** भीलवाड़ा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था स्थल झरना महादेव में गुरुवार को आम चोखला गुर्जर समाज झरना महादेव की विशाल बैठक आयोजित हुई। बैठक में आसपास के कई गांवों के पंच-पटेल, बुजुर्ग एवं समाज के मौतबीर लोगों ने भाग लिया। बैठक में तीन दिन पूर्व अमावस्या के अवसर पर कुछ लोगों ने मनमानी से फर्जी तरीके से बनाई कार्यकारिणी गठित की गई थी उस कार्यकारिणी की समाज में मान्यता नहीं है ओर दो वर्ष पूर्व बनी बनाई कार्यकारिणी को यथावत रखने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

झरना महादेव मंदिर समिति के उपाध्यक्ष सोहनलाल चाड़ ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा समाज की



बिना अनुमति एवं व्यापक सहमति के बिना फर्जी प्रस्ताव बनाकर कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया था, जिससे समाज में नाराजगी और असंतोष का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है और ऐसे समय में संगठनात्मक विवाद मंदिर निर्माण में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं।

बैठक में प्रस्ताव पारित कर अमावस्या को तीन दिन पूर्व नई समिति कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया तथा समाज के सभी लोगों ने सामूहिक रूप से 2 साल पूर्व बनी रजिस्टर्ड कार्यकारिणी को ही मान्यता देने का निर्णय लिया। समाजजनों ने कहा कि मंदिर निर्माण कार्य एवं समाज की एकता को बनाए रखने के लिए पुरानी कार्यकारिणी का यथावत रहना आवश्यक है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष दुर्गेश भड़ाना, उपाध्यक्ष सोहनलाल चाड़ एवं रामचंद्र खारा, कोषाध्यक्ष नारायण लाल (अहीरों का खेड़ा), सचिव शंकर लाल (मोड़ का निंबाहेड़ा), सह सचिव राजूलाल (छापरिया खेड़ा) सहित पूरी पुरानी कार्यकारिणी पूर्ववत कार्य करती रहेगी। बैठक में गेरूलाल (देवीपुरा), माधूलाल (चेना का खेड़ा), हरफूल गुर्जर (झरना का खेड़ा), सुखदेव हिसनियां, देवलाल (देवपुरा), उदयलाल (अहीरों का खेड़ा), भागूलाल (पिथा का खेड़ा), केलाराम (झरना का खेड़ा), गोपीलाल, घनश्याम मैनेजर, सांवरलाल (धन्नाजी का खेड़ा), पूर्व सरपंच भोजाराम, मंदिर पुजारी लक्ष्मण नाथ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में समाज की एकता, मंदिर निर्माण कार्य की निरंतरता तथा संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया।

# तहसील स्तरीय महेश नवमी पर्व 23 जून 2026 को बड़लियास में मनाया जायेगा

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** तहसील माहेश्वरी महासभा कोटड़ी ने मीटिंग कर आने वाली महेश नवमी पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया! तहसील अध्यक्ष पुष्पेन्द्र काबरा ने बताया मिटिंग में तय किया गया कि तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव दिनांक 23 जून 2026 को बडलियास में बड़ी धूमधाम एवं हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाना निश्चित हुआ है ! इस कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के समस्त माहेश्वरी बंधु सपरिवार भाग लेंगे ! कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

बड़लियास पहुंचने का समय- प्रातः 8:00 से 8:15 बजे, अल्पाहार- 8:15 से 9:15 बजे तक,विशाल शोभायात्रा - 9:15 से 11:30 बजे तक निकाली जाएगी जिसमें सभी पुरुष सफ़ेद कुर्ता- पजामा एवं महिलाएं चुनर या लाल साड़ी पहन कर भाग लेगी! शोभा यात्रा मुख्य मार्गो से गुजरते हुए निश्चित स्थान पर पहुंचेगी व प्रतिभा सम्मान एवं समापन कार्यक्रम- 11:30 से 12:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा इसके पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन होगा! पदाधिकारीयों ने सभी माहेश्वरी बंधुओं से अनुरोध किया कि सभी समय का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम में शामिल होवे !

# श्री कामधेनु बालाजी मंदिर में चोरी की घटना, श्रद्धालुओं में रोष




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सुखाड़िया नगर, कोटा बाईपास रोड स्थित श्री कामधेनु बालाजी मंदिर में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिए जाने का मामला सामने आया है। श्री कामधेनु बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित काबरा ने बताया कि मंदिर के पुजारी जगन्नाथ शर्मा प्रतिदिन की भांति सुबह मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मंदिर परिसर में बने एक कमरे का ताला कटर से काटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर कमरे में रखी साउंड मशीन, पीतल एवं तांबे के कीमती सामान सहित लगभग 4,000 से 5,000 की नकद राशि चोरी कर ले गए।

घटना की सूचना मिलते ही ट्रस्ट पदाधिकारी मंदिर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद संबंधित थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है।

मंदिर परिसर में हुई इस चोरी की घटना से श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में रोष एवं चिंता का वातावरण व्याप्त है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग की है।

# शाहपुरा में मांगों की अनदेखी पर भड़के कर्मचारी, सद्बुद्धि यज्ञ से जताया रोष

## 'पंचायतीराज विभागे स्वाहा' के मंत्रों संग दी आहुतियां, न्यायोचित मांगों पर सरकार से मांगा निर्णय

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** पंचायत समिति शाहपुरा गुरुवार को उस समय अनोखे विरोध प्रदर्शन का साक्षी बना, जब पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में पारंपरिक और प्रतीकात्मक अंदाज में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। यज्ञ कुंड में आहुतियों के साथ गूंजते 'पंचायतीराज विभागे स्वाहा' के मंत्रों ने कर्मचारियों के भीतर उपज कर रहे आक्रोश को मुखर रूप से सामने ला दिया। यह प्रदर्शन केवल विरोध नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन को चेताने वाला संदेश भी बन गया कि अब कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा अधिक दिनों तक नहीं ली जा सकती।

प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत आयोजित इस आंदोलन में पंचायत समिति शाहपुरा के साथ-साथ क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगें वर्षों से लंबित हैं और बार-बार ज्ञापन, वार्ता एवं निवेदन के बावजूद समाधान नहीं निकलने से अब आंदोलन का रास्ता अपनाना मजबूरी बन गया है।

गुरुवार सुबह पंचायत समिति कार्यालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सूर्यप्रकाश शर्मा की अगुवाई में सद्बुद्धि यज्ञ शुरू हुआ। मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से संपन्न इस आयोजन में कर्मचारियों ने आहुतियां देकर सरकार से सद्बुद्धि आने की कामना की, ताकि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जा सके।

कर्मचारियों ने बताया कि 1 जून से पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों का राज्यव्यापी आंदोलन लगातार जारी है। यह आंदोलन अब अपने छठे चरण में पहुंच चुका है और हर चरण के साथ आंदोलन का



स्वर अधिक मुखर और व्यापक होता जा रहा है। शाहपुरा में आयोजित यह सद्बुद्धि यज्ञ आंदोलन की उसी श्रृंखला का हिस्सा रहा, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया।

आंदोलित कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में स्वतंत्र कार्य विभाजन, कैडर रिव्यू, नोशनल परिलाभ, अंतर जिला स्थानांतरण, हार्ड ड्यूटी एलाउंस और अतिरिक्त पंचायत भत्ता शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा कार्य व्यवस्था में मंत्रालयिक कर्मचारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि सुविधाएं और पदोन्नति संबंधी व्यवस्थाएं वर्षों से ठहरी हुई हैं।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ माने जाने वाले मंत्रालयिक स्टाफ की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही। पंचायत स्तर पर योजनाओं के संचालन, रिकॉर्ड प्रबंधन, प्रशासनिक समन्वय और जनहित कार्यों का बड़ा दायित्व इन्हीं कर्मचारियों पर होता है, लेकिन सुविधाओं और सेवा शर्तों के मामले में लगातार उपेक्षा झेलनी पड़ रही है।

सद्बुद्धि यज्ञ में शामिल कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि सरकार को अब कर्मचारियों की आवाज सुननी ही होगी। शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुआ यह आंदोलन आवश्यकता पड़ने पर व्यापक जनआंदोलन का रूप भी ले सकता है।

इस दौरान काली मीणा, मांगी धाकड़, सीमा सेन, मीना माली, रेखा खंडेलवाल, खुशबू राठी, महावीर सेन, मुकेश धाकड़, सुखदेव बैरवा और शांति लाल कोली सहित अनेक कर्मचारियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पंचायत समिति शाहपुरा के सभी ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समिति कार्यालय के कार्मिक इस सामूहिक सद्बुद्धि यज्ञ में शामिल रहे। यह सहभागिता कर्मचारियों की एकता और साझा संघर्ष का स्पष्ट संकेत है।

यज्ञ स्थल पर मौजूद कर्मचारियों के चेहरों पर संयम जरूर था, लेकिन भीतर का असंतोष साफ झलक रहा था। हर आहुति के साथ कर्मचारियों की यही पुकार थी कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान निकाले और मंत्रालयिक कर्मचारियों के साथ न्याय करे।

शाहपुरा में हुआ यह सद्बुद्धि यज्ञ अब एक प्रतीक बन गया हैकृऐसा प्रतीक, जो बता रहा है कि जब मांगों पर संवाद बंद हो जाए, तब विरोध नए रूप तलाश लेता है। पंचायतीराज कर्मचारियों का यह अनूठा आंदोलन प्रशासन और सरकार दोनों के लिए स्पष्ट संदेश है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय की अपेक्षा है। पंचायत समिति शाहपुरा से उठी यह आवाज आने वाले दिनों में प्रदेशभर के आंदोलन को नई धार दे सकती है।

# 500 दिनों में साईकल से भारत भ्रमण, 40 हजार किलोमीटर का होगा सफर



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** सनातन धर्म के प्रचार और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा के रेवाड़ी जिले के निवासी महेश प्रजापत साईकल यात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा में वे भारत के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, 12 ज्योतिर्लिंगों तथा चार धामों के दर्शन करेंगे।

महेश प्रजापत ने बताया कि यह यात्रा कुल 500 दिनों की होगी जिसमें लगभग 40 हजार किलोमीटर का सफर तय किया जाएगा। यात्रा के 92वें दिन महेश प्रजापत गंगापुर पहुंचे। उनके आगमन पर नगरवासियों ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत-सत्कार किया। स्वागत के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिकों में राजेंद्र मोगरा, नन्द किशोर तेली, घनश्याम सिंह राठौड़, धर्मेंद्र गहलोत, विक्की माली, राजकुमार माली, दिनेश लक्षकार, पुष्पराज प्रजापत, गौरव तिवारी, मोनू, गोपाल तथा कैलाश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। महेश प्रजापत की यह अनोखी यात्रा सनातन संस्कृति और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का उत्तम माध्यम बन रही है। यात्रा के दौरान वे विभिन्न स्थानों पर लोगों को साईकलिंग, योग तथा सनातन मूल्यों के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। नगरवासियों ने महेश प्रजापत को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके संकल्प की सराहना की।

# मांडलगढ़ शहरी सेवा शिविर में पहुंचे विधायक खंडेलवालः लाभार्थियों को बांटे पट्टे व नामांतरण पत्र, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

**'मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अधिकारी-कार्मिक वरीयता से करें जन समस्याओं का समाधान'; शिविर में 11 जन्म प्रमाण पत्र और पट्टों सहित कई प्रकरणों का मौके पर हुआ निस्तारण**

स्मार्ट हलचल |मांडलगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार आमजन को एक ही छत के नीचे त्वरित प्रशासनिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मांडलगढ़ नगरपालिका परिसर में 'शहरी सेवा शिविर' का सफल आयोजन किया जा रहा है। शिविर में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक श्री गोपाल लाल खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वयं मौजूद रहकर आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान विधायक ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नामांतरण पत्र, पट्टे व अन्य आवश्यक सेवा प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें लाभान्वित किया।



**लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर होगी कठोर कार्रवाई — विधायकः**

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरपालिका के सभी अधिकारी और कार्मिक पूरी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ शिविर में आने वाले नगरवासियों की मूलभूत समस्याओं का वरीयता के आधार पर त्वरित समाधान करवाएं, ताकि मुख्यमंत्री की इस महती योजना का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने दोटूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसा करने वाले कार्मिकों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**शिविर में पहले ही दिन कई मामलों का हुआ त्वरित निस्तारणः**

नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी देवीसिंह राठौड़ ने शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शहरी सेवा शिविर में गुरुवार को पुरजोर कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 11 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही 5 पेंशन प्रकरणों का भौतिक सत्यापन, 1 जमीन विभाजन में त्रुटि सुधार, 5 नए पट्टों की पत्रावलियों का निस्तारण सहित 15 अन्य महत्वपूर्ण राजस्व व प्रशासनिक कार्य संपन्न कर शहरवासियों को तुरंत राहत प्रदान की गई।

**यह जनप्रतिनिधि और गणमान्य रहे उपस्थितः**

इस अवसर पर पालिका की पूर्व उपाध्यक्ष अनिता सुराणा, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, भाजपा युवा मोर्चा के मुकेश व्यास, पूर्व पार्षद लादूलाल खटीक, नीलकमल पटवा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न वार्डों के पार्षद, विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महेश नवमी महोत्सवः कैरम व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन, समाजजनों में दिखा उत्साह

**रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन, विभिन्न वर्गों के 190 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को किया सम्मानित**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर उत्सव क्लब द्वारा प्रायोजित केरम व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 190 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दो-दो दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिससे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की केरम के मेंस सिंगल्स में प्रमोद चेचाणी प्रथम, बालमुकुन्द मोदी द्वितीय, और ओम प्रकाश मालानी तृतीय स्थान पर रहे। कैरम के मेंस डबल्स में नितिन माहेश्वरी व निहाल तोशनीवाल प्रथम, सुशील मुंदड़ा व दीपक चौधरी द्वितीय, प्रमोद चेचाणी और अनिल मुंदडा तृतीय स्थान पर रहे। वही टेबल टेनिस मेंस के सिंगल में श्याम मुंदड़ा प्रथम, बालमुकुंद मोदी द्वितीय व श्याम बिड़ला तृतीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस के मेंस डबल्स में श्याम मुंदड़ा वह श्याम बिड़ला की जोड़ी ने फ़ाइनल में घनश्याम नुवाल और बालमुकुन्द मोदी को हराकर फिर से खिताब पर कब्जा बरकरार रखा। समापन समारोह में अतिथि जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया सहित राजेंद्र पोरवाल, सुशील मरोटिया, महेंद्र काकानी, केजी राठी, प्रमोद डाड, रामकिशन सोनी, अर्चित मूंदड़ा, अंकित लखोटिया, राजेंद्र कचौलिया, सुरेश कचौलिया, मुकेश चेचानी द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कैरम प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने सटीक निशाने और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया, वहीं टेबल टेनिस मुकाबलों में तेज गति और शानदार रैलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।



प्रतियोगिता में उत्सव क्लब के प्रदीप बल्दवा, श्याम बिरला, ओम मालानी, कैलाश सोमानी, कैलाश अजमेरा, नरेश बहेती, प्रमोद चेचानी, अनिल मूंदड़ा का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अंत में विजेताओं को बधाई एवं सभी प्रतिभागियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल |उदयपुर

राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, उदयपुर में कक्षा 9 से उच्च कक्षाओं/पाठ्यक्रमों/कोचिंग संस्थाओं (विद्यालय/महाविद्यालय/शिक्षणसंस्थाएं/व्यवसायिक संस्थाए आदि) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्राओं (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी) व अन्य समुदाय (एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी) से शैक्षणिक सत्र 2026-27 की अवधि में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला अल्पसंख्यक एवं कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने बताया कि आवेदन प्रपत्र, आवश्यक दस्तावेजों संबंधी विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्उपदवतपजल ण्तरेंजींदण्हवअण्पद पर उपलब्ध है। इच्छुक छात्राओ द्वारा आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज के 30 जून, 2026 तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमरा संख्या 401, नई बिल्डिंग कलेक्ट्रेट उदयपुर में व्यक्तिशः, डाक द्वारा अथवा ई-मेल नकचतण्उपदव/हउंपसण्बवउ पर भी प्रेषित किया जा सकता है। छात्रावास में जिला मुख्यालय से बाहर की छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। छात्रावास में आवास, भोजन इत्यादि सुविधाएँ नियमानुसार निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

# बनेड़ा में निकाली विशाल शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल |बनेडा

उपखण्ड सर्किल के झाँतल गांव में गुरुवार को महाराणा प्रताप सेवा समिति के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती और हल्दी घाटी विजय उत्सव के 450 वर्ष के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसके पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया।

महाराणा प्रताप सेवा समिति के कल्याण सिंह राणावत ने बताया की महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र और उनके संदेश को जन जन तक पहुँचाने के लिए संस्थान द्वारा प्रति वर्ष यह आयोजन क्षेत्र के अलग अलग गांवों में किया जाता है। इस अवसर पर झातंल गांव में महाराणा प्रताप की शोभायात्रा निकाली गई। इसके पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया । सभा में मुख्य वक्ता जगजीतेन्द्र सिंह ने हल्दीघाटी केयुद्ध में किस प्रकार महाराणा प्रताप की सामरिक विजय हुई उन तथ्यों से उपस्थित जन समुदाय को आगे करवाया ।करणी सेना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कटार में महाराणा प्रताप के आदर्श ,चरित्र को अपनाने के लिए आह्वान किया गजराज सिंह राणावत ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र और उनके शौर्य त्याग और बलिदान की कथा से अवगत कराया ।कार्यक्रम में राजाधिराज बनेडा गोपाल चरण सिंह सिसोदिया ने हल्दी घाटी में महाराणा प्रताप के अदम्य साहस और वीरता के प्रदान सुनाए । अपने बताया की महाराणा प्रताप समूचे समाज के जन नायक थे । कार्यक्रम में भरत सिंह राठौड़, बबलू सिंह ठूमिया, हेमेन्द्र सिंह डाबला,हेमाद्रि सिंह काछोला, जयराज सिंह राठौड़ ने भी भाग लिया ।अंत में बलवीर सिंह राठौड़ ने उपस्थित जन समुदाय और आयोजनकर्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# राजस्थान बेडमिन्टन संघ के चुनाव निर्विरोध हुए सम्पन्न

**केन्द्रीय मंत्री शेखावत दुबारा अध्यक्ष, केके शर्मा सचिव व जाकिर हुसैन बने कोषाध्यक्ष, 25 जिलों के पदाधिकारी रहे मौजूद**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान बेडमिन्टन संघ के चुनाव भीलवाडा शहर स्थित निजी होटल में सम्पन्न हुए जिसमें भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत दुबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। तथा इसी के साथ सचिव पद पर केके शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर जाकिर हुसैन निर्विरोध चुने गये। निर्वाचन अधिकारी लाजपत आचार्य ने बताया कि राजस्थान बेडमिन्टन संघ के चुनाव में दोपहर 12.00 बजे सभी पदों के लिये एक-एक आवेदन आने के कारण निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत दुबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। तथा इसी के साथ सचिव पद पर केके शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर जाकिर हुसैन निर्विरोध चुने गये। यह चुनाव भारतीय बेडमिन्टन संघ के संयुक्त सचिव एवं पूर्व नेषनल खिलाड़ी अनिल चोगले पर्यवेक्षक तथा जिला खेल अधिकारी हेमेन्द्रसिंह राणावत पर्यवेक्षक राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, राजस्थान ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक रतनलाल शर्मा की मौजूदगी में सम्पन्न हुये। सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि चार वर्षीय चुनाव जनरल आमसभा में आयोजित हुऐ जिसमें उपाध्यक्ष कमल भंडारी, मनोज दासोत, राजेश गुप्ता, संजय फतेहपुरिया, नारायणदास पुरोहित, नरेन्द्र खिलेरी, संयुक्त सचिव रेणु लवानिया के साथ ही दिनेश दिनकर, चन्द्रेश शर्मा, गोविन्द स्वामी, मनीश कुमार, ममता आर्य एक्जूकेटिव सदस्य के रूप में निर्विरोध चुने गये। सचिव केके शर्मा ने बताया कि शेष बचे हुए समस्त जिला संघों के सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गये। इसी प्रकार सलेक्षन कमेटी के चेयरमैन पद पर जेपी भट्ट को मनोनीत किया गया। आयोजित हुई आमसभा में चूनसिंह भाटी, लोकेश सोनी, विजयसिंह शक्तावत, जेपी भट्ट, अमित शर्मा, अभिषेक शर्मा, जाकिर हुसैन, अनिल पारीक, नीलकमल जैन, दीपक सिंह, गुरूदत्त शर्मा, दिनेष बंसल, राकेष पोराणिक, राजीव द्विवेदी, हीरालाल रेगर, विनीत शर्मा, दारा सिंह, भूपेन्द्रसिंह पंवार सहित राजस्थान के करीब 25 जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे। चुनाव के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण व दुपट्टे से स्वागत अभिनंदन किया गया। अंत में सचिव शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# उमंग अभियान 7 के तहत 2 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान पुलिस के द्वारा बाल श्रम मुक्त हेतु चलाए जा रहे उमंग 7 अभियान के तहत् मेवाड़ी चाय , महारानी कॉम्प्लेक्स से 2 बाल श्रमिक को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया, मुक्त करवाए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किये गये, बाल कल्याण समिति ने बच्चों को आश्रय हेतु एवरेस्ट शेल्टर में रखवाया गया, अभियान के तहत कार्यवाही में मानव तस्करी विरोधी इकाई के मुकेश कुमार पारीक व ईश्वर सिंह, सहायक उप निरीक्षक, किशन सिंह, कास्टेबल एवं जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड लाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर ने उक्त कार्यवाही करते हुए बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया।

# युवा नेतृत्व को मिली नई उड़ानः राहुल चोरड़िया बने लियो क्लब बिजयनगर के अध्यक्ष

**लायंस क्लब बिजयनगर के 30वें शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर, सेवा और नेतृत्व के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा संगठन**

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** सेवा, नेतृत्व और मानवता के प्रति समर्पण की मिसाल बने लायंस क्लब बिजयनगर ने अपने गौरवशाली 30 वर्षों की यात्रा पूर्ण करते हुए लायन वर्ष 2026-27 की प्री-साधारण सभा का आयोजन क्लब अध्यक्ष लायन राजेश गट्टाणी के निवास कमला फैक्ट्री पर किया। सभा में आगामी सेवा गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई तथा युवा नेतृत्व को बढ़ावा देते हुए राहुल चोरड़िया को लियो क्लब बिजयनगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राहुल चोरड़िया के अध्यक्ष बनने की घोषणा होते ही सभा में उत्साह का माहौल बन गया। लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने उनका अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में लियो क्लब नई ऊंचाइयों को छुएगा तथा युवा शक्ति को सामाजिक सेवा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राहुल चोरड़िया लंबे समय से सामाजिक, सेवा एवं युवा गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।




लियो क्लब की नवीन कार्यकारिणी में राहुल चोरड़िया अध्यक्ष, मयंक कचारा मंत्री तथा श्रेणिक जैन कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। नई टीम का लायंस क्लब बिजयनगर द्वारा माल्यार्पण एवं अभिनंदन कर स्वागत किया गया।

सभा में लायंस क्लब बिजयनगर के संभागीय अध्यक्ष लायन संजय महावर एवं प्रथम महिला किरण महावर का भी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नवीन सदस्य नीरज बाल्दी का भी अभिनंदन किया गया।

बैठक में वर्षभर चलने वाली सेवा गतिविधियों जैसे जल मंदिर, रोगियों को भोजन वितरण, मेडिकल उपकरण सेवा केंद्र, लायंस धर्मशाला में आवास व्यवस्था, वृक्षारोपण, मोक्ष रथ संचालन, जीव दया, रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। लायंस क्लब बिजयनगर का 30वां शपथ ग्रहण समारोह 28 जून 2026, रविवार को आयोजित होगा, जिसमें नई कार्यकारिणी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर सेवा, नेतृत्व और मानवता के नए संकल्पों के साथ कार्यभार संभालेगी।

इस अवसर पर डॉ. ए.के. विश्वास, सुधीर गोयल, चिरंजीलाल नावल, एडवोकेट नवीन कुमार सोनी, राजेश तोषनीवाल, सुधीर शर्मा, अनिल कुमावत, संदेश राठी, हेमंत अग्रवाल, बुद्धिप्रकाश पारीक, अंजना गट्टाणी, अंशु गोयल, स्नेहा तोषनीवाल, दीपिका सोनी, अनीता विश्वास, प्रीति शर्मा, आभा अग्रवाल, वर्षा कुमावत सहित बड़ी संख्या में लायंस एवं लियो क्लब के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। युवा सोच, नई ऊर्जा और सेवा भावना के साथ राहुल चोरड़िया के नेतृत्व में लियो क्लब बिजयनगर आगामी वर्ष में समाजसेवा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में अग्रसर रहेगा।

# गंगापुर में शहरी सेवा शिविर में पहुंचे एसडीएम, लंबित प्रकरणों के निस्तारण के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल|गंगापुर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका गंगापुर द्वारा संचालित शहरी सेवा शिविर अभियान -2026 के अंतर्गत आयोजित शिविर में आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न सेवाओं के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर का निरीक्षण प्रशासक एवं उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए । उपखण्ड अधिकारी विवेक गुर्जर ने शिविर में उपस्थित कार्मिकों को नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए त्वरित कार्यवाही करने तथा अधिकतम प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुंचाना है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। शिविर के दौरान भूमि एवं पट्टा संबंधी प्रकरण, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, जन्म-मृत्यु पंजीयन, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। अनेक प्रकरणों का मौके पर ही समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की गई।



# सच्चे सद्गुरु की शरण पाने पर जीवन का कल्याण सम्भवः-निरंकारी सन्त

## गायत्री नगर में विशाल सन्त समागम आयोजित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

संत निरंकारी मिशन के तत्वाधान में भीलवाड़ा क्षेत्र का विशाल सन्त समागम बुधवार रात्रि को मालोला रोड़ चारभुजा मन्दिर के पास कम्युनिटी होल गायत्री नगर में उदयपुर मुखी श्री जीत सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से हुए इस आयोजन में जिलेभर के विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुओं ने मानवता, प्रेम, एकता और संस्कारों का संदेश गीत,भजन,काव्यपाठ,विचारों का सहारा लेते हुए दिया। सन्त समागम को सम्बोधित करते हुए मुखी जीत सिंह ने समूचे विश्व के लिए मानवीय गुणों से युक्त जीवन जीने की प्रेरणा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रदान की।





सिंह ने बताया कि जीवन के नैया को पार लगाने के लिए सच्चे सद्गुरु की आवश्यकता होती है जो हमे निरंकार प्रभु परमात्मा के दीदार करवाकर जीवन को भाग्यशाली बना देते है व सत्संग, सेवा और सिमरन के महत्व जोर देते हुए सत्संग से जीवन मे होने वाले बदलाव व कल्याण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा सद्गुरु माता सुदीक्षा जी जिस तरह से पूरे विश्व मे अमन चैन व शांति के पैगाम को जन जन तक पहुंचाने के लिए पहल कर रहे है वाकई में हर जगह प्रेम-प्यार की भावना जागृत हो रही है । हम सभी को उनके मार्गदर्शन के अनुरूप जीवन मे प्यार व प्रेम के बलबूते इस जीवन को मानव कल्याण के सहारे जीकर जगत के साथ स्वयं का कल्याण भी करना है।उन्होने सत्संग, सेवा और सिमरन से जुडने का

आह्वान करते हुए कहा कि 'कुछ भी बनो, मुबारक है, मगर पहले इंसान बनो। 'उन्होंने यह भी कहा कि आज दुनिया में जाति, धर्म और मजहब के नाम पर भेदभाव व्याप्त है। निरंकारी मिशन का उद्देश्य मानव को मानव से प्रेम करना सिखाना और विश्व में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को मजबूत करना है, जिससे समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता का वातावरण बने। आध्यात्मिक संगति से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और आनंद और सुकून की प्राप्ति होती है। भीलवाड़ा मुखी ग्यारसीलाल ने सम्बोधन में बताया कि सांसारिक शिक्षा व्यक्ति को उच्च पद दिला सकती है, लेकिन उस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान आवश्यक है जो केवल सद्गुरु की शरण से सम्भव है। मुखी ग्यारसीलाल निरंकारी ने बताया कि इस सन्त समागम में क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं से आए विभिन्न गांवों के साथ-साथ शहर के सन्तो ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थानीय पार्षद राधेश्याम गुर्जर व सभी संयोजकों ब्रांच मुखियों, सेवादल अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सन्त ओम महेरा द्वारा किया गया।

समागम के दौरान गायत्री नगर के सभी साथ संगत द्वारा उदयपुर की महात्मा को दुपट्टा पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया समागम के दौरान संत निर्मल शर्मा ने अपनी रचना द्वारा मेरा सतगुरु जैसा नाहीं देख लिया जग सारा से सभी श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। मीडिया प्रभारी लादूलाल ने बताया 20 जून शनिवार को रात्रि 8 से 10 बजे तक सिद्धिविनायक रोड़ अहिंसा सर्किल के पास रायला मुखी संत निर्मल शर्मा के सानिध्य में विशाल सत्संग का आयोजन होगा आप सब बढ़ चढ़कर अमृत वचनों का लाभ लेवे।

# माताजी का खेड़ा में सुने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी सहित अन्य सामान चुराकर भागे



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित माताजी का खेडा क्षेत्र में बुधवार को अज्ञात चोरों ने एक सुने मकान को निशाना बनाते हुए। नकदी घी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। वारदात की जानकारी गुरुवार सुबह होने पर लोगों मे दहसत का माहौल बन गया है। माता जी का खेडा स्थित शिव मदिर के पास रहने वाले दुर्गेश पिता भवानी शंकर माली के सुने मकान के कमरे के ताले तोड़कर अन्दर घुसे अज्ञात चोरों ने अदंर रखी आलमारी आदि के ताले तोड़कर के किमती सामान की तलाशी के सामान कपड़े आदि इधर उधर बिखेर दिए। चोर कमरे से छह सात हजार की नकदी. आठ किलो देशी घी के साथ गैस चुल्हा चुरा ले गए हैं। साथ ही मामलें कि सुचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। दो बार पहले भी घर में चोरी की वारदातें हो चुकी है।

# भवानी मंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: नाकाबंदी में एमपी का अफीम तस्कर गिरफ्तार, स्प्लेंडर बाइक व 390 ग्राम अफीम जप्त

## छत्रपुरा चौकी के सामने दबोचा, भवानी मंडी थानाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के तहत भवानी मंडी थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने हाइवे पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश के एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 390 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम और तस्करी में प्रयुक्त की जा रही एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जप्त की गई है। पुलिस अब आरोपी से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह अफीम कहाँ से लाया था और झालावाड़ क्षेत्र में किसे सप्लाई करने जा रहा था।

छत्रपुरा पुलिस चौकी के सामने घेराबंदी कर दबोचा:

थानाधिकारी (पु.नि.) प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार 17 जून को भवानी मंडी थाना पुलिस टीम मय जाप्ते के साथ अवैध गतिविधियों की रोकथाम और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग हेतु छत्रपुरा पुलिस चौकी के सामने आम रोड पर विशेष नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान मध्य प्रदेश की तरफ से आ रही एक संदिग्ध स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को पुलिस टीम ने रुकवाया। बाइक



सवार युवक पुलिस को देखकर सकपका गया। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर डिटेन किया। संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 390 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई, जिसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मध्य प्रदेश के मंदसौर का रहने वाला है तस्कर: पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान भारत गुर्जर उर्फ दीपक (24) पुत्र नाथूलाल गुर्जर, निवासी भैंसासदा, थाना मानपुरा, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशन तथा भवानी मंडी वृत्ताधिकारी सत्यनारायण गोदारा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में इस विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने मुखबिर की सूचना और कुशल तकनीकी आसूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### कार्रवाई करने वाली भवानी मंडी पुलिस टीम:

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल मोहनलाल (48), कांस्टेबल तेजेन्द्र सिंह (1379), आसूचना अधिकारी कांस्टेबल महेश (1380), कांस्टेबल हरिराम (1258), कांस्टेबल सीताराम (830) तथा चालक कांस्टेबल दिनेश कुमार (469) शामिल रहे। जिला पुलिस ने तस्कर को दबोचने वाली इस टीम की पीठ थपथपाई है।

# राहुल गांधी से मिले कोटा शहर व देहात अध्यक्षों के बच्चे

स्मार्ट हलचल| कोटा



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के कल कोटा में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम हेतु कोटा प्रवास के दौरान कोटा शहर कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम की पुत्री शगुन गौतम, वैदिक गौतम एवं देहात कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की पुत्री आराध्य सिंह ने उनसे सौजन्य भेंट की।

आराध्य सिंह, शगुन गौतम और वैदिक गौतम ने राहुल गांधी जी से शिक्षा, छात्रों की समस्याओं और भविष्य को लेकर अपने विचार साझा किए। राहुल गांधी ने भी दोनों बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व शगुन गौतम एवं आराध्य सिंह ने राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तथा पुष्कर में आयोजित जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर में भी मुलाकात की थी। हर बार राहुल गांधी ने बच्चों से संवाद कर उनके सवाल सुने और उन्हें प्रोत्साहित किया।

मुलाकात के बाद शगुन गौतम और आराध्य सिंह ने राहुल गांधी जी से मिलने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उनसे मिलकर उन्हें एक अलग ही ऊर्जा और प्रेरणा मिली।

# डिजिटल एक्स रे मशीन, एनालाइजर, का विधायक डॉ. ललित मीना ने किया उद्घाटन



स्मार्ट हलचल

**नाहरगढ़/बारां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नाहरगढ़ में विधायक डॉ. ललित मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नाहरगढ़ पर आमजन को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिजिटल एक्सरे मशीन एवं एनालाइजर जाँच मशीन का शुभारंभ किया गया। डॉ.निशान्त सैनी बीसीएमओ किशनगंज ने बताया कि गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक द्वारा आधुनिक उपकरणों का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि एक्स रे मशीन की सेवा शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को जाँच के लिए अन्यत्र स्थान पर जाने की आवश्यकता नही रहेगी व समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मन्नालाल मीणा, ऋषिपाल सिंह, डॉ. माजिद मालिक, छोटूलाल सुमन, ओ.पी. पारेता, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. भुपेश नागर, डॉ. शाहबाज, बीपीएम वरुण शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर नवीन छीपा, चंद्रमोहन नागर, बीएचएस रघुबीर सुमन, वरिष्ठ लेब टेक्नीशियन देवेन्द्र गोठवाल, बीएनओ मयूर शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीएचसी प्रशासन ने बताया की आधुनिक उपकरणों की सेवा से क्षेत्र के ग्रामीणों को विशेष लाभ मिलेगा।

# कोटा विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी के ब्रोशर का विमोचन

स्मार्ट हलचल| कोटा

विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में राजस्थान भूगोलवेत्ता परिषद् के 52वें राष्ट्रीय अधिवेशन के तहत 'विकसित भारत 2047: विकसित भारत की रूपरेखा- एक भौगोलिक दृष्टिकोण' विषय पर 17 से 19 सितंबर, 2026 को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त राष्ट्रीय सेमिनार के लिए बनाए गए ब्रोशर का विमोचन माननीय कुलगुरु प्रोफेसर भगवती प्रसाद सारस्वत जी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 18 जून, 2026 को किया गया। विमोचन कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक प्रोफेसर जे.पी. शर्मा, सह समन्वयक



डॉ. के. आर. चौधरी, आयोजन सचिव डॉ जितेश जोशी एवं कोटा विश्वविद्यालय के प्रो. एम. जेड़ ए.खान, प्रो. प्रज्ञा धीर तथा भूगोल विभाग के संकाय सदस्य डॉ. प्रमोद कुमार एवं नितेश गौतम मौजूद रहे।

राजस्थान भूगोलवेत्ता परिषद् के 52वें राष्ट्रीय अधिवेशन के तहत आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में भौगोलिक कारकों, संसाधनों के प्रबंधन और क्षेत्रीय विकास की रणनीतियों पर देश-विदेश के करीब 500 भूगोलवेत्ता एवं विषय-विशेषज्ञ गहन मंथन करेंगे। उक्त सेमिनार में भाग लेने के लिए शोधार्थियों, विद्यार्थियों, भूगोलवेत्ताओं एवं शिक्षकों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 अगस्त, 2026 है। पंजीकरण गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन भी कर सकते हैं जिसका लिंक कोटा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रोफेसर अमरेंद्र नाथ भट्टाचार्य एवं प्रोफेसर मोहिउद्दीन शेख की स्मृति में दो विशेष व्याख्यानों सहित लगभग 15 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिनमें राष्ट्रीय संगोष्ठी के विषयों तथा उप-विषयों पर विस्तृत एवं गहन चर्चा की जाएगी।

# सजाउद्दीन को शिविर में मिली राहत, चेहरे पर आई मुस्कान



स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिले के कापरेन निवासी सजाउद्दीन अपने पट्टे के नामान्तरण (म्यूटेशन) को लेकर प्रयासरत थे। सजाउद्दीन की इस परेशानी का समाधान नगरपालिका कापरेन में आयोजित 'शहरी सेवा शिविर अभियान - 2026' के रूप में सामने आया। जब उन्होंने इस शिविर में अपना पक्ष रखा, तो प्रशासन ने बिना किसी देरी के उनके मामले पर संज्ञान लिया।

शिविर में अधिकारियों ने नामान्तरण की फाइल पर त्वरित कार्रवाई की और सबसे अच्छी बात यह रही कि मात्र 24 घंटे के भीतर ही लाभार्थी सजाउद्दीन का नामांतरण खोल दिया गया। इतनी शीघ्रता से मामले का निस्तारण किए जाने पर सजाउद्दीन बेहद संतुष्ट और प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा शहरी सेवा शिविर के दौरान उनका काम बहुत ही जल्दी हो गया। वह इस त्वरित और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए सरकार और स्थानीय नगरपालिका प्रशासन का बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए अपने घर को लौट गए।

# स्याला-सुखपुरा में पंचदिवसीय श्रीराम महायज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा संपन्न: अंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर सच्चिदानंद जी महाराज के सानिध्य में आयोजन

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** टोंक जिले के स्याला-सुखपुरा गांव में पांच दिवसीय 'पंचकुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ एवं श्री सीताराम जी मंदिर, शिखर प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना तथा हनुमान जी, गणेश जी एवं शिव पंचायत प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम बुधवार, 17 जून 2026 को संपन्न हो गया। यह धार्मिक अनुष्ठान 13 जून 2026 को शुरू हुआ था। इस पूरे आयोजन को सकल पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

समापन दिवस, बुधवार (17 जून 2026) को नित्य पूजन-अर्चन के साथ मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया। इसके बाद मूर्ति स्थापना, शिखर कलश स्थापना और पूर्णाहुति का आयोजन हुआ।



महाआरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया और विप्र एवं संतों की विदाई के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। समाजसेवी शीला राजकुमार भी महायज्ञ में शामिल हुईं, जिनका गांववासियों ने घोड़ी पर डीजे के साथ यज्ञ स्थल तक स्वागत किया। सकल पंचों के साथ-साथ युवाओं का भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। रात्रि में विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। इनमें के. आर. देवता, वीरसिंह बालोटा और हेमराज सैनी प्रमुख थे, जिन्होंने रात भर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। यह पूरा आयोजन अंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर सच्चिदानंद जी महाराज (आश्रम देई) के सानिध्य में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य डॉ. खागेश कुमार जी 'शास्त्री' (उज्जैन) ने यज्ञचार्य की भूमिका निभाई और सभी धार्मिक अनुष्ठानों को पूर्ण कराया। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सच्चिदानंद जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का वाचन भी किया गया।

# मण्डल अध्यक्ष सेन ने की जीरो ऑयल कुकिंग की सराहना

स्मार्ट हलचल

कोटड़ी। 'कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कोटड़ी भाजपा मंडल द्वारा जीरो ऑयल कुकिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने महिलाओं को बिना तेल अथवा कम तेल से बनने वाले व्यंजनों की जानकारी दी गई तथा इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से खाना पकाने में तेल का कम से कम उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उक्त पहल मोटापा, हृदय रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम में सहायक होने के साथ-साथ राष्ट्रहित में भी महत्वपूर्ण है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने जीरो ऑयल कुकिंग से तैयार व्यंजनों का स्वाद चखा और उनकी सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए ऐसे प्रयास समय की आवश्यकता हैं।

# गेगा का खेड़ा में चोरों का आतंक

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** क्षेत्र के गेगा का खेड़ा गांव में चोरों के आतंक से ग्रामीण देशहत में है । मनोज कुमार बेरवा ने बताया कि गेगा का खेड़ा में आकोला रोड पर भेरुनाथ स्थानक पर बीती रात्रि चोरों ने दान पात्र तोड़कर नगदी चुड़ा चुरा कर ले गए । प्रातः ग्रामीणों के पहुंचने पर दान पात्र टूटा हुआ नगदी गायब मिली । ग्रामीणों द्वारा बड़लियास थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है ।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सहप्रभारी रित्विक मकवाना का निंबाहेड़ा आगमन, संगठनात्मक मजबूती पर हुआ मंथन

## पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना के सानिध्य में हुआ स्वागत व अभिनंदन,कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान प्रदेश के सहप्रभारी रित्विक मकवाना ने गुरुवार को अपने एक दिवसीय निंबाहेड़ा प्रवास के दौरान कांग्रेस संगठन की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, जनसंपर्क अभियानों की प्रभावशीलता तथा आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर व्यापक मंथन हुआ। रित्विक मकवाना ने निंबाहेड़ा ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचकर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा संचालित संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ प्रबंधन, जनसमस्याओं, जनसंपर्क अभियानों एवं आमजन से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनके सुझाव सुने और संगठन को और अधिक सक्रिय, प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने पर विशेष बल दिया।

पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय पर सांय 4:30 बजे आयोजित स्वागत समारोह में राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना के सानिध्य में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सहप्रभारी रित्विक मकवाना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हगामीलाल मेवाड़ा, प्रदेश महासचिव छोटूसिंह मीणा, सचिव ललित बोरीवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया तथा बड़ीसादड़ी विधानसभा के प्रत्याशी बद्री जगपुरा मंचासीन रहे। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा रित्विक मकवाना एवं मंचासिन अतिथियों का पारंपरिक मेवाड़ी साफा बंधवाकर, कांग्रेस पार्टी का मफ़लर पहनाकर आत्मीय अभिनंदन के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के उत्साह, जोश एवं संगठन के प्रति समर्पण ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की।

### कांग्रेस कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति - रित्विक मकवाना

अपने संबोधन में रित्विक मकवाना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, सर्वधर्म समभाव और जनकल्याणकारी विचारधारा की



संवाहक रही है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है तथा संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, निष्ठा एवं समर्पण पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व देश एवं प्रदेश की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है तथा संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों, ऐतिहासिक योगदान एवं सामाजिक सरोकारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें तथा जनता की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर सक्रिय रहें। रित्विक मकवाना ने कहा कि कांग्रेस का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास, सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाना है तथा इसी दिशा में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति प्रदान की जाएगी।

### सेवा, समर्पण और जनहित कांग्रेस की पहचान - उदयलाल आंजना

राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा सेवा, समर्पण और जनहित के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनता के बीच सक्रिय रहकर कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को प्रभावी रूप से पहुंचाने का आह्वान किया। आंजना ने कहा कि कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास देश निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा जनकल्याण के लिए किए गए संघर्षों से परिपूर्ण रहा है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इस ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

### संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों पर हुआ व्यापक विचार-विमर्श

कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों तथा बूथ स्तर तक संगठन विस्तार की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा कांग्रेस की जनकल्याणकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। विभिन्न वक्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती एवं जनहित के मुद्दों पर अपने विचार भी रखे।

इस अवसर पर निंबाहेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवल, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, छोटीसादड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश जाट, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि रणजीत सिंह मीणा,जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर,नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रवि प्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अहसान पठान, महासचिव मनोहर सिंह मीणा, रामगोपाल वैष्णव, सचिव नुसरत खान,निंबाहेड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, नगर सेवादल के मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, नगर अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, ब्लाक अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष हाजी शब्बीर गौरी, ब्लाक सेवादल के मुख्य संगठक उदित मीणा, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लाक एनएसयूआई अध्यक्ष भँवर सिंह शक्तावत, नगर एनएसयूआई अध्यक्ष राहुल सेन, किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकित जाट, कांग्रेस कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अहमद हुसैन, आदिवासी कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजू भील, छोटीसादड़ी आदिवासी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मीणा मौजूद थे।

# मृतक किसान हंसराज वैष्णव के परिजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत



स्मार्ट हलचल|कोटा

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कोटा के दौरे पर रहे। इस दौरान कोटा सर्किट हाउस में उन्होंने देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के साथ कुछ माह पुर्व हुई भामाशाह मंडी में गेंहू की फसल का कम दाम मिलने से झाड़ आमली निवासी हंसराज वैष्णव की दर्दनाक मोत पर गहरी संवेदनाए व्यक्त करते हुए, किसान के परिवारजनो से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। गहलोत ने कहा आज दिन तक भी सरकार का कोई सहयोग ग़रीब किसान के परिवार को नहीं मिला है, मृतक हंसराज कच्चे मकान में रहता था और जमीन मुनाफा काश्त करके गुज़ारा करता था उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से फसल को काफ़ी नुक़सान हुआ था, वहीं बची फसल को कोटा भामाशाह मंडी में बैचने गया था, जहां पर फसल का दाम कम लगने के सदमे से किसान की मोत हो गयी थी, ग्रामीणो व कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कोटा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में 25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की मांग भी रखी गयी थी। लेकिन सरकार द्वारा किसान के परिवारजनो को कोई राहत नहीं मिली है। इस दौरान मृतक किसान हंसराज वैष्णव की माता जी और पुत्र अजय वैष्णव निवासी ग्राम आमली झाड़ से अशोक गहलोत जी ने मुलाकात की साथ कोटा देहात जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, हरपाल राणा पूर्व उपाध्यक्ष सिख कल्याण बोर्ड महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गायत्री मीणा, सांगोद ब्लॉक अध्यक्ष सांगोद मिर्जा शकील अहमद, सीमल्या ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामराज यादव, जिला परिषद सदस्य संभव वर्मा,सत्यनारायण मेघवाल, लालचंद सैनी, महेन्द्र मेघवाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में दुल्हनों को विदाई के साथ मिला 'सुरक्षा कवच', मंत्रियों ने थमाए हेलमेट

**लाइफलाइन पीस ग्लोबल फाउंडेशन' ने 11 नवविवाहित जोड़ों को गोद लेकर जीवनभर निशुल्क रक्त सहायता का दिया भरोसा**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आशापुरा माता मंदिर परिसर में आज अनूठे सेवा भाव और उल्लास का संगम देखने को मिला। अवसर था सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह के समापन और सामूहिक विवाह सम्मेलन का। इस दौरान राजस्थान सरकार के तीन कैबिनेट मंत्रियों की मौजूदगी में लाइफलाइन पीस ग्लोबल फाउंडेशन ने अपने 'वंदे जीवन वंदे भारत' प्रोजेक्ट के तहत एक मिसाल पेश की। संस्था द्वारा विवाह सूत्र में बंधे 11 नवविवाहित जोड़ों को हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया।



### सरकार के दिग्गज मंत्रियों ने बढ़ाया जोड़ों का हौसला

इस भव्य वैवाहिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिरकत की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और ब्यावर के विधायक शंकर सिंह रावत मौजूद रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों सहित पूज्य संतों-महंतों ने भी शिरकत कर वर-वधू को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

### रक्त मित्र बनेंगे नव जोड़े, जीवनभर के लिए संस्था ने लिया गोद

संस्था के निदेशक एवं महासचिव मनोज बारूपाल ने बताया कि संस्थापक लक्ष्मण सामरिया की पूज्य माताजी स्वर्गीय बिदामी देवी की स्मृति में इन 11 जोड़ों को हेलमेट बांटे गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष निर्मला सामरिया ने संस्था के बड़े संकल्पों को साझा करते हुए बताया कि: निशुल्क रक्त सहायता: इन सभी 11 जोड़ों और उनके परिवारों को जीवनभर निशुल्क रक्त सहायता के लिए संस्था गोद ले रही है। रक्तदान का संकल्प: प्रस्तावित 'लाइफलाइन आर एल ब्लड बैंक × एसडीपी सेंटर' पर इन जोड़ों को सम्मानित कर वर्ष में एक बार रक्तदान करने और यातायात नियमों की पालना का संकल्प दिलाया जाएगा। शिक्षा में मदद: संस्था इन परिवारों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के क्षेत्र में भी पूरा सहयोग करेगी।

संस्था ने घोषणा की है कि वे ब्यावर जिले और आसपास के क्षेत्रों की सभी सामूहिक विवाह समितियों के साथ एमओयू (रू़ष) साइन करेगी, ताकि हर गरीब और जरूरतमंद जोड़े की गृहस्थी की शुरुआत सुरक्षा (हेलमेट) के संकल्प के साथ हो।

### टॉडगढ़ बनेगा राजस्थान का नया पर्यटन केंद्र: गजेंद्र सिंह शेखावत

समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ब्यावर क्षेत्र के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि माउंट आबू की गुरु शिखर के बाद टॉडगढ़ राजस्थान की दूसरी सबसे बड़ी चोटी है। इसे देश-दुनिया के नक्शे पर चमकाने के लिए पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। फाउंडेशन इस संबंध में जल्द ही एक विस्तृत प्रोजेक्ट बनाकर राजस्थान और केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालयों से संपर्क साधेगा। समारोह के सफल आयोजन पर संस्था ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समिति का आभार जताया। इस मौके पर प्रदेश महिला संयोजक ज्योत्सना चौहान, रवि सहित संस्था के कई पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गिरवरपुरा में ग्रामीण सेवा शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

स्मार्ट हलचल

**सावर (अजमेर)।** उपखंड मुख्यालय सावर की ग्राम पंचायत गिरवरपुरा में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाकर आमजन को लाभान्वित करना रहा।

शिविर में शिविर प्रभारी मोनिका जाखड़, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी संगीता व्यास, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, सत्यनारायण बैरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मीणा, कनिष्ठ सहायक विनय जोशी, दयाराम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 22 विभागों ने भागीदारी निभाते हुए अपनी योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



शिविर के दौरान 15 पट्टों का वितरण किया गया तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाभार्थियों को तृतीय किस्त तथा 1 लाभार्थी को द्वितीय किस्त का भुगतान स्थानांतरित किया गया। इसके अलावा 19 जन आधार संशोधन, पेंशन सत्यापन, महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, 28 मंगला पशु बीमा पॉलिसियां, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संबंधी कार्य भी किए गए।

चिकित्सा विभाग द्वारा 20 आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 68 रोगियों का उपचार एवं परामर्श किया गया। कृषि विभाग ने 6 मूंग मिनी किट वितरित किए तथा 35 मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए। यूनानी चिकित्सा विभाग ने 24, आयुर्वेद विभाग ने 28 तथा होम्योपैथिक विभाग ने 29 रोगियों को चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएं प्रदान कीं।

इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा 4 लाभार्थियों को स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए। राजस्व विभाग ने 7 खातों का शुद्धिकरण, 1 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरण का निस्तारण किया तथा जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र संबंधी कार्य भी संपादित किए गए।

ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा एक ही स्थान पर सेवाएं उपलब्ध करवाए जाने से ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहितकारी पहल बताया।

# रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: घर में घुसकर चोरी करने वाला नकबजन गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/रायपुर।** रायपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुई एक बड़ी नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए महज कुछ ही दिनों में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया करीब 5 लाख रुपये का माल (सोने-चांदी के जेवरात और नकदी) बरामद कर लिया है। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई एक बुलेट मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

### सोते रहे परिजन, चोर ने उड़ाया माल

पुलिस के अनुसार, पाबूर कीरों की ढाणी (रायपुर) निवासी ढगलाराम कीर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 15-16 मई की रात को उनका परिवार घर के बाहर, कमरे में और छत पर सो रहा था। देर रात करीब 1:30 बजे अज्ञात चोर ने सूने कमरे और उसमें रखे लोहे के बक्से का ताला तोड़कर सोने की कंठी, टीका, जोधा बाली, चांदी के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद पार कर दिए। सुबह जागने पर चोरी का पता चला, जिस पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305ए के तहत मामला दर्ज किया।

### फॉरेंसिक और तकनीकी टीम की मदद से दबोचा

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी बंशीलाल पाण्डर के निर्देशन में रायपुर थानाधिकारी राजूराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट अजमेर को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। तकनीकी सहायता और मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने पीड़ित के ही गांव के रहने वाले अशोक (29) पुत्र शेपाराम कीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### यह सामान हुआ बरामद

पुलिस ने आरोपी अशोक की निशानदेही पर शत-प्रतिशत के करीब माल बरामद कर लिया है, जिसमें शामिल हैं: सोने की कंठी, टीका और जोधा बाली। चांदी की पुनछा, 11 नग बिछुड़ियां और गले की चेन। 25,000 की नकदी। वारदात में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल।

आरोपी भेजा गया जेलथानाधिकारी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक अभिरक्षा (जेसी वारंट) के तहत सब जेल जैतारण भेज दिया गया इस कार्रवाई को अंजाम देने में सउनि सुरेन्द्रसिंह, मुख्य आरक्षी भीखाराम, कॉन्स्टेबल अशोक (476) और अशोक (633) की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

# रामपुरा दूदा विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष एवं पुस्तकालय का लोकार्पण

**केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं की दी सौगात**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ग्राम रामपुरा दूदा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, कंप्यूटर कक्ष एवं पुस्तकालय का गुरुवार को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के करकमलों द्वारा गरिमामय समारोह में लोकार्पण किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना बेहद आवश्यक है। आज लोकार्पित की गई विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष एवं समृद्ध पुस्तकालय विद्यार्थियों के ज्ञान, तकनीकी कौशल और नवाचार क्षमता के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन उपलब्ध संसाधनों का भरपूर उपयोग कर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करें।





समारोह में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित विद्यालय विद्यार्थियों को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विज्ञान प्रयोगशालाएं जहां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं, वहीं कंप्यूटर कक्ष डिजिटल दक्षता बढ़ाने और पुस्तकालय उनके अध्ययन व व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बनते हैं। सांसद ने आश्वस्त किया कि संसदीय क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी आवश्यकतानुसार ऐसी आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी शहरी क्षेत्रों के समान ही आधुनिक और उच्च स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार एवं हम सभी जनप्रतिनिधियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन सुविधाओं के विकास से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी तथा क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को एक नया आयाम मिलेगा।

इस ऐतिहासिक लोकार्पण कार्यक्रम में निवर्तमान प्रधान (पंचायत समिति जवाजा) गणपत सिंह रावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, ग्राम पंचायत काबरा की प्रशासक पार्वती देवी सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी, विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# मारपीट व जातिसूचक टिप्पणी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

स्मार्ट हलचल

**मंडावर, दौसा।** मंडावर कस्बे में नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ मारपीट, धमकी एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में दौसा जिला कारागार भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि नगरपालिका क्षेत्र में कचरा संग्रहण कार्य के दौरान सफाई कर्मचारियों एवं ट्रैक्टर मालिक के साथ कथित रूप से मारपीट करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में मंडावर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सफाई कर्मचारियों को कचरा खाली करने से रोकते हुए धमकी दी तथा सार्वजनिक स्थान पर अभद्र व्यवहार और मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में दौसा जेल भेजने के आदेश दिए। मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य तथ्यों की भी पड़ताल कर रही है।

सफाई कर्मचारियों से मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी का मामला। एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा। मंडावर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार। न्यायालय में पेशी के बाद भेजा गया दौसा जेल। प्रकरण की जांच जारी।

# खजुरीया श्याम मंदिर में हुई चोरी वारदात में शेष 2 वांछितो को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** सागर राणा पुलिस अधीक्षक भीलवाडा के निर्देशन में बुद्धराज अति. पुलिस अधीक्षक सहाड़ा व सुदर्शन पालीवाल वृत्ताधिकारी गंगापुर के दिशा निर्देशो पर टीम गठित कर थाना क्षेत्र व आस-पास के क्षेत्रो से लगातार हो रही मंदिर चोरीयो की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु लीलाधर थानाधिकारी गंगापुर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही कर 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया।

प्रार्थी लादुलाल पिता भैरुलाल निवासी खजुरिया हाल अध्यक्ष खजुरिया श्याम भैरूनाथ सेवा समिति खजुरिया ने दिनांक 11 सितंबर 2025 को एक रिपोर्ट पेश की की रात्रि को खजुरिया श्याम मन्दिर पर अज्ञात चोरो द्वारा बावजी के मन्दिर पर लगे चाँदी के करीब नौ दस छत्र चोरी करके ले गये। अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खजुरिया श्यामजी के मन्दिर से चोरी हुए छत्र बरामद करवावे।

मामला दर्ज कर अनुसंधान किया गया। जिस पर पूर्व में थाना गंगापुर पुलिस द्वारा दुर्गेश, कालुलाल, प्रकाश कंजर, राधेश्याम कंजर को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही पर घटना में माल खरीदने वाले ताराचन्द सुनार निवासी साडास को गिरफतार कर 2 किलो चांदी बरामद की गई। इसके बाद शेष वाछित जगदीश कंजर की गिरफतारी की जाकर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। घटना में संलिप्त रहे शेष दो आरोपीयो की गिरफतारी के प्रयास लगातार जारी थे। जिनको पुलिस द्वारा गहन प्रयास व तकनीकि सहायता से आरोपी दुर्गालाल कंजर पिता मनोहर कंजर निवासी देवली थाना पुर व पप्पूलाल पिता बंशीलाल कंजर निवासी देवली थाना पुर को गिरफतार किया गया। घटना के सम्बंध में गहन पुछताछ की जा रही है।

# आशापुरा माता धाम में भव्य समारोह: 11 नवविवाहित जोड़ों को मिला मंत्रियों और संतों का आशीर्वाद; ब्यावर में गूंजा राष्ट्रनायकों का गौरव

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर के ऐतिहासिक आशापुरा माता धाम में गुरुवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समापन समारोह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य मंत्रियों, सांसदों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा पूज्य संत-महात्माओं ने शिरकत की। समारोह के दौरान परिणय सूत्र में बंधे 11 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया और उनसे राष्ट्र निर्माण व भारतीय संस्कृति के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।






### सम्राट पृथ्वीराज चौहान का बलिदान देश की अमूल्य धरोहर: गजेंद्र सिंह शेखावत

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान वीरों का त्याग और बलिदान हमारे देश की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने नवविवाहित दंपतियों को सुखी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपने राष्ट्रनायकों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए यहाँ पर्यटन गतिविधियों के विकास के लिए विशेष योजनाएं तैयार करवाने का भी भरोसा दिया।

### लूनी बांध का नाम अब 'सम्राट पृथ्वीराज चौहान बांध' होगा: सुरेश सिंह रावत

जल संसाधन राज्य मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कार्यक्रम में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि लूनी बांध का नाम शीघ्र ही बदलकर 'सम्राट पृथ्वीराज चौहान बांध' किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतिहास के गौरव को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने शिक्षा को विकास का मूल आधार बताते हुए सभी से राष्ट्र निर्माण में एकजुट होने की अपील की।

### महापुरुष पूरे राष्ट्र के नायक, समाज के मार्गदर्शक: अविनाश गहलोत

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव होते हैं। युवाओं को उनके संस्कारों और आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने भी लूनी बांध का नामकरण पृथ्वीराज चौहान के नाम पर करने के विचार की सराहना की।

राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने संबोधन में मेवाड़ और मारवाड़ के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा: 'मेरा संबंध यहाँ केवल राजनीतिक नहीं है, बल्कि मैं उस वंश परंपरा से हूँ जिसने महाराणा प्रताप जैसे योद्धा दिए। यह भूमि संत मीराबाई के त्याग और शौर्य की गवाह है। मेवाड़ और मारवाड़ का यह 500 वर्षों से अधिक पुराना रिश्ता त्याग, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति की भावनाओं से सिंचित है। ' उन्होंने आगे कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान और महाराणा प्रताप ने कभी अन्याय के सामने घुटने नहीं टेके और सत्य की राह चुनी, यही वजह है कि वे आज भी हर भारतीय के दिल में जिंदा हैं।

### युवाओं को प्रेरित करने की आवश्यकता: विधायक शंकर सिंह रावत

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने भी युवाओं से सम्राट पृथ्वीराज चौहान की वीरता और स्वाभिमान से सीख लेने का आग्रह किया और कहा कि उनके आदर्श हमेशा समाज का सही मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस भव्य आशीर्वाद समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ('स्स्) राजस्थान के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत सहित जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्म लाल जाट, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**ब्यावर कलक्टर का लिलाम्बा ग्रामीण सेवा शिविर में औचक निरीक्षण, बोले-**

# जनता को न लगाने पड़ें दफ्तरों के चक्कर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला कलक्टर कमल राम मीना ने गुरुवार को रायपुर उपखंड की ग्राम पंचायत लिलाम्बा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का अवलोकन किया और आमजन को मिल रही सुविधाओं तथा सरकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की।



### जनता से सीधा संवाद, समस्याओं पर संवेदनशीलता के निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने लोगों से फीडबैक लिया कि उन्हें योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल रहा है या नहीं। कलक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में आने वाले हर नागरिक की समस्या का समाधान संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त आवेदनों का यथासंभव शिविर स्थल पर ही त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो, ताकि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

### अंतिम छोर तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

कलक्टर मीना ने अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभावी प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए।

### मौके पर व्यवस्थाओं को भी परखा

जिला कलक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर पीने के पानी (पेयजल), छाया, और ग्रामीणों के बैठने की समुचित व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिविर में ये रहे मौजूद

इस निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ज्वाला सहाय मीणा, विकास अधिकारी ललित कुमार गर्ग, नायब तहसीलदार संतोष कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी सत्यनारायण टेलर सहित विभिन्न विभागों के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें

सिंगल मदर्स के लिए बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं होता है। क्योंकि उनकी जिंदगी में ऐसी कई परेशानियां आती हैं, जिन्हें वह अकेले मैनेज करती हैं। लेकिन सिंगल मदर्स अपने बच्चे को हर खुशी देने की कोशिश करती हैं। इस समय गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं और बच्चे घूमने जाने की जिद करते हैं। ऐसे में मां अपने बच्चे के लिए भी ट्रिप प्लान करती हैं। लेकिन सवाल यह है कि वह कम बजट में ट्रिप कैसे प्लान करें। क्योंकि उन्हें अकेले ही घर और बाहर सब मैनेज करना होता है। वहीं अगर आप भी सिंगल मदर हैं और बजट में ट्रिप प्लान करने में परेशान हो रही हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप सिर्फ 10 हजार रुपए में घूमने का प्लान बना सकती हैं।

### ऐसे प्लान करें ट्रिप

बजट में ट्रिप प्लान करने के लिए जरूरी है कि आप सही लोकेशन का चुनाव करें। क्योंकि सही लोकेशन आपके बजट को कम करती है। भले ही आप इन जगहों पर घूम चुकी हों, लेकिन बच्चे के लिए आप किसी सस्ती जगह का चुनाव कर सकती हैं।

वहीं सिंगल मदर्स को ऐसी जगह का चुनाव करना चाहिए, जहां पर अच्छी सुविधा और सुरक्षा के लिहाज से भी ठीक हो। जहां पर सस्ते ऑटो या कैब आदि आसानी से मिल सकें। जैसे पहाड़ों वाली जगह पर हर चीज का दाम अधिक रहता है। इन जगहों पर खाने-पीने से लेकर स्टे तक के साधन काफी महंगे होते हैं।


वहीं आपको अपने साथ कुछ खाने पीने की ऐसी चीजें रखनी चाहिए, जो जल्दी खराब न हों। ट्रिप के दौरान आप साथ में फल लेकर जा सकती हैं। इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और जल्दी भूख भी नहीं लगेगी।

### बजट में घूमने के लिहाज से टूर पैकेज बेस्ट ऑप्शन होते हैं

सही लोकेशन का चुनाव करने पर आपको होटल भी कम दाम में मिल जाते हैं और यहां पर पहुंचना भी आसान होता है।

अधिकतर सिंगल मदर्स शहर से बाहर नहीं जाना चाहती हैं, तो आप शहर में रहकर भी घूमने जाने का प्लान बना सकती हैं। आप शहर में बच्चे को ऐसी जगह घुमाएं, जहां पर बच्चे हमेशा से जाना चाहते थे। ऐसा करने से न सिर्फ ट्रैवल और होटल का खर्चा बचेगा, बल्कि शहर में रहकर बच्चे अपनी पसंदीदा जगह घूम सकेंगे।

दूसरे शहर में कम खर्चे के लिहाज से आप शेयरिंग के साधन से घूम सकती हैं। क्योंकि इसमें कम बजट होता है। वहीं बच्चों के साथ घूमने के लिए यह टिप्स आपकी यात्रा को आसान बना देगी।





## देहरादून में करना चाहते कुछ तूफानी तो जरूर एक्सप्लोर करें ये जगहें, जमकर कर सकेंगे मस्ती

देहरादून एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको खूबसूरत हिल स्टेशन मिलेंगे। यहां से हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और धनोल्टी जैसी कई जगहों पर आप जा सकते हैं। वहीं अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं। वहीं कुछ देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देहरादून की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

रॉबर्स केव देहरादून

देहरादून की यह आपको काफी रोमांचक लगेगी। क्योंकि इसकी बनावट लोगों को आकर्षित करती है। जिन लोगों ने पहले कभी गुफा वाली जगहों पर प्रवेश नहीं किया है, उनके लिए यह एडवेंचर्स साबित हो सकता है। क्योंकि यहां पर आपको पैदल जाना होगा। पैरों में पानी होता है और मछलियां आपके पैरों को छूती हैं। हालांकि शुरूआत में आपको गुफा में चलने में थोड़ा डर लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अंदर जाते ही नॉर्मल लगने लगेगा। प्रयास करें कि आप सुबह-सुबह पहुंचें, क्योंकि यहां पर बहुत भीड़ लगती है। यह मसूरी के पास घूमने लायक अच्छी जगहों में से एक है।

रॉक क्लाइबिंग

अगर आप कुछ तूफानी करना चाहते हैं और बिना किसी सहारे के पेड़ पर चढ़ना चाहते हैं। तो आपको देहरादून में रॉक क्लाइंबिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सालन गांव में रॉक क्लाइबिंग करवाई जाती है। जहां पर आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। आप यहां पर कैंपिंग के साथ कई तरह की एक्टिविटी भी कर सकते हैं। वहीं आप यहां पर पैकेज भी बुक कर सकते हैं और पूरा रात टेंट में बिता सकते हैं। इस दौरान आपको मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना होगा और पूरी लाइफ कैंप की तरह जीना होगा। यह आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है।

मालसी डियर पार्क

अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक करना चाहते हैं, तो मालसी डियर पार्क जा सकते हैं। क्योंकि यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। आप यहां पर जिप लाइनिंग और तरह-तरह की एक्टिविटी भी कर सकेंगे। बच्चों को भी यहां पर एक्टिविटी करवाई जाती है। वहीं अगर आप छोटा ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको यहां पर आपको भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। यह देहरादून के पास घूमने वाली बेस्ट जगहों में से एक है।

## भीड़ से दूर बेहद शांत है उत्तराखंड का ये हिल स्टेशन, जन्नत में आने का होगा एहसास

समर वेकेशन में हजारों लोग घूमने-फिरने के लिए निकल गए हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक कोई ट्रिप प्लान नहीं कर पाए हैं। वह किसी पहाड़ी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन लोकेशन नहीं ढूंढ पा रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक सबसे खूबसूरत जगह के बारे में बताने जा रहे हैं।

मुनस्यारी – अगर आप भी दिल्ली की गर्मी से परेशान होकर अपने परिवार के साथ उत्तराखंड में अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं। तो फौरन आपको मुनस्यारी का ट्रिप प्लान करें। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ट्रेकिंग और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है। मुनस्यारी में गर्मियों में आपको अधिक भीड़ नहीं मिलने वाली है। क्योंकि मुनस्यारी काफी ऊंचाई पर स्थित है। नैनीताल से मुनस्यारी पहुंचने में आपको करीब 11 से 12 घंटे का समय लगता है। वहीं ऋषिकेश से भी यहां तक पहुंचने में करीब इतना ही समय लगेगा। यह मसूरी के पास घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

### ऐसे पहुंचे मुनस्यारी

अगर आप दिल्ली से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करने के लिए अच्छा है। हालांकि इसमें ज्यादा समय लग सकता है।

अगर आप चाहें तो दिल्ली से देहरादून के लिए ट्रेन ले सकते हैं। फिर मुनस्यारी के लिए बस ले सकते हैं।

इसके साथ ही मुनस्यारी के लिए कैब की सुविधा भी मौजूद है। लेकिन इसमें खर्च ज्यादा होता है। वहीं अगर आप बजट में यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करें।

आने-जाने में असुविधा न हो इसके लिए पहले से बस की बुकिंग कर लें। क्योंकि अधिक भीड़ होने पर आपको बस में सीट मिलने में मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली से मुनस्यारी की दूरी करीब 604 किमी है। यहां पर पहुंचने में आपको 13-14 घंटे का समय लग सकता है।

प्रयास करें कि आप रात में बस ले लें। जिससे कि सुबह मुनस्यारी में ही आंख खोलें। इससे आपका सफर आराम से सोकर बीतेगा।


मुनस्यारी परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

## प्रकृति, शांति और रोमांच का संगम है पार्वती घाटी में बसा कसोल

हिमाचल प्रदेश की पार्वती घाटी में बसा कसोल एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जो खासकर युवाओं, ट्रेकिंग प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। समुद्र तल से लगभग 1,580 मीटर की ऊँचाई पर स्थित कसोल को ﬂभारत का मिनी इज़राइलﬂ भी कहा जाता है, क्योंकि यहाँ बड़ी संख्या में इज़राइली पर्यटक आते हैं और यहाँ की संस्कृति में उनका प्रभाव देखा जा सकता है।

कसोल की खासियत

कसोल एक शांत और सुरम्य गाँव है, जो पार्वती नदी के किनारे स्थित है। यहाँ का वातावरण बेहद शांत, स्वच्छ और ठंडा होता है। ऊँचे पहाड़, घने देवदार के जंगल, कलकल बहती पार्वती नदी और रंग-बिरंगे कैफ़े इस स्थान को बेहद आकर्षक बनाते हैं।



### प्रमुख आकर्षण

**1. पार्वती नदी**

यह तेज बहाव वाली नदी कसोल की जान मानी जाती है। इसके किनारे टहलना, चट्टानों पर बैठकर मन को शांति देना और फोटोग्राफी करना पर्यटकों को बहुत पसंद आता है।

**2. तोश और मणिकरण**

कसोल से थोड़ी दूरी पर स्थित ये गाँव अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। मणिकरण में गर्म पानी के झरने और गुरुद्वारा प्रमुख आकर्षण हैं, जबकि तोश ट्रेकिंग प्रेमियों का पसंदीदा गाँव है।

**3. चालल गाँव**

कसोल से लगभग 30 मिनट की पैदल दूरी पर स्थित यह छोटा गाँव ट्रेकिंग और कैम्पिंग के लिए आदर्श है। यहाँ आप स्थानीय संस्कृति को करीब से जान सकते हैं।

**4. इज़राइली कैफ़े और भोजन**

कसोल में कई इज़राइली कैफ़े और रेस्तराँ हैं जहाँ आप फलाफल, शाकशूका, हुम्मस आदि विदेशी व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

### कसोल में करने योग्य गतिविधियाँ

ट्रेकिंग (खीरगंगा, तोश, चालल, ग्रहन)

कैम्पिंग और बोनफायर

रिवर साइड कैफ़े में समय बिताना

स्थानीय लोगों से मिलकर पहाड़ी संस्कृति को समझना

हर्बल चाय और हिमाचली हस्तशिल्प की खरीदारी

यात्रा का उत्तम समय

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडी जलवायु और ट्रेकिंग के लिए अनुकूल मौसम।

सितंबर से नवंबर- मानसून के बाद की हरियाली और साफ आसमान।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने के लिए उत्तम।

कैसे पहुँचे कसोल?

हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा भुंतर (कुल्लू) है, जो कसोल से लगभग 31 किमी दूर है।

रेल मार्ग- निकटतम रेलवे स्टेशन जोगिंदरनगर है, लेकिन सड़क मार्ग से पहुँचना अधिक सुविधाजनक है।

सड़क मार्ग- दिल्ली, चंडीगढ़ और मनाली से कसोल तक नियमित बस और टैक्सी सेवाएं उपलब्ध हैं।

कसोल एक ऐसा गंतव्य है जहाँ आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के साथ एक गहरा रिश्ता बना सकते हैं। यहाँ का शांत वातावरण, रोमांचक ट्रेक्स, विदेशी भोजन और पहाड़ी सौंदर्य, हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देता है। चाहे आप सोलो ट्रैवलर हों, कपल या दोस्तों के साथ – कसोल हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com